दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 64
कोटद्वार मंगलवार
27 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## ऋषिकेश में चेतावनी रेखा से 90 सेमी. नीचे बही गंगा

**ऋषिकेश।** पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण गंगा के जलस्तर में उतार–चढ़ाव बना हुआ है। सोमवार को ऋषिकेश में गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से 90 सेमी नीचे रहा। गंगा के रौद्र रूप को देखते हुए प्रशासन ने तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। रेस्क्यू टीम को निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। गंगा का वार्निंग लेबल 339.50 मीटर है। सोमवार को पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हुई झमाझम बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ा रहा। त्रिवेणी घाट में गंगा की जलधारा आरती स्थल को छूकर बहती रही।

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक सोमवार सुबह आठ बजे तक गंगा का जलस्तर 338.00 मीटर था। शाम चार बजे जलस्तर बढ़कर 338.60 मीटर दर्ज किया गया। यानी गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से महज 90 सेमी नीचे रहा। गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों में बाढ़ के खतरे को देखते हुए लोगों में दहशत का माहौल रहा। उपजिलाधिकारी सौरभ असवाल ने बताया कि मौसम विभाग ने 28 जून तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। लिहाजा सुरक्षा के मद्देनजर तटीय इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है। गंगा घाटों और तटों पर एसडीआरएफ, पीएसी और जल पुलिस के जवान तैनात है, जो गंगा के जलस्तर की निगरानी कर रहे हैं।

# लोकतंत्र सेनानियों के आश्रितों को मिलेगी सम्मान पेंशन/निधि : सीएम

### लोकतंत्र सेनानियों की मांगों पर गंभीरता से करेगें कार्य, लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के आश्रितों को भी सम्मान पेंशन/निधि दी जायेगी, इसके लिये शासनादेश जारी किया जा चुका है। लोकतंत्र सेनानियों का मानदेय 16 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रूपये किया गया है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान उत्तराखण्ड के लोकतंत्र सेनानियों के योगदान की सभी को जानकारी हो सके, इसके लिए व्यवस्था बनाई जायेगी। कहा कि लोकतंत्र सेनानियों द्वारा जो भी मांग पत्र दिया है, उन पर पूरी गम्भीरता से कार्य किये जायेंगे।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोकतंत्र सेनानी को सम्मानित करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज उन्हें राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान भारत के लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करने का अवसर मिला है। कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों द्वारा किये गए त्याग और बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता। जब आपातकाल लगाया गया तो उसका विरोध सिर्फ राजनैतिक लोगों तक सीमित नहीं रहा बल्कि उस समय जन-जन के मन में आक्रोश था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य जीवन में लोकतंत्र का क्या वजूद है, वह तब पता चलता है जब कोई लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन लेता है। आपातकाल में देश के सभी लोगों को लगने लगा था कि उनका सब कुछ छीन लिया गया है। इसके लिए लखनऊ विवि, बीएचयू और इलाहाबाद विवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों का संयुक्त संघर्ष मोर्चा बना, जिसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण सहित उस समय के बड़े नेताओं नानाजी देशमुख, अटल बिहारी बाजपेई ने अपना समर्थन दिया। उस संघर्ष का ही परिणाम था कि देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हुई। पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानियों द्वारा लोकतंत्र की रक्षा के लिए किये गये प्रयासों की आने वाली पीढ़ियों को जानकारी होनी चाहिए, इसके लिए उस समय इनके द्वारा लोकतंत्र की रक्षा के लिए किये गये प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। इसके लिए जनपद स्तर पर भी कार्यक्रम होने चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हमारे ये लोकतंत्र सेनानी इसी भावना से आगे भी कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर उत्तराखण्ड लोकतंत्र सेनानी संगठन के अध्यक्ष केके अग्रवाल, महामंत्री गिरीश काण्डपाल, रणजीत सिंह ज्याला, विजय कुमार महर, योगराज पासी, प्रेम बड़ाकोटी, हयात सिंह मेहरा एवं अन्य लोकतंत्र सेनानी उपस्थित थे।

## तीन स्टेट हाईवे समेत प्रदेश में 43 सड़कें बंद



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में मानसून की दस्तक के साथ ही सड़कों के बंद होने का सिलसिला शुरू हो गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में एक दिन पहले रविवार को हुई तेज बारिश के बाद सोमवार को भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के बीच भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। इससे 43 सड़कें बंद हो गईं।लोनिवि के प्रमुख अभियंता दीपक यादव ने बताया कि सोमवार शाम तक मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में छोटी बड़ी 43 सड़कें बंद थीं। इनमें तीन स्टेट हाईवे, दो मुख्य जिला मार्ग, एक अन्य जिला मार्ग और 37 ग्रामीण सड़कें शामिल थीं।सड़कों को खोलने के लिए 51 जेसीबी को लगाया गया था। उन्होंने बताया कि सड़कों को खोलने के काम में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी, जो अधिकारी कर्मचारी इस काम में लापरवाही बरतेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उत्तराखंड में पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में अगले चार दिन तक भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग की ओर से संवेदनशील इलाकों में हल्के से मध्यम भूस्खलन और चट्टान गिरने से कहीं–कहीं सड़कों और राजमार्ग के अवरुद्ध होने की आशंका भी जताई गई है। मैदानी इलाकों से लेकर पर्वतीय इलाकों में बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 26 जून को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और कई दौर की बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 27 और 28 जून को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में बारिश का येलो अलर्ट है। 29 जून को भी प्रदेश भर में बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 'आदिपुरुष' के मेकर्स को हाई कोर्ट की फटकार

## रामायण—कुरान जैसे धार्मिक ग्रंथों को बख्श दीजिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रभास स्टारर 'आदिपुरुष' रिलीज के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म को रिलीज हुए 10 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब भी इस फिल्म को लेकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। ओम राउत के निर्देशन में बनी इस फिल्म के खिलाफ हाल ही में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दायर की गई थी। अधिवक्ता कुलदीप तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने आज (26 जून) सेंसर बोर्ड और फिल्म के मेकर्स को जमकर फटकार लगाई। इस बारे में याचिक-ाकर्ता ने बयान जारी करते हुए कहा, "आदिपुरुष को लेकर हमारी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राजेश सिंह चौहान और जस्टिस श्रीप्रकाश सिंह की बेंच ने सेंसर बोर्ड और फिल्म के मेकर्स को फटकार लगाई है।"

## पटना में विपक्षी दलों की बैठक पर आमने—सामने कांग्रेस और ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** भाजपा के खिलाफ 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़ने की रणनीति पर पटना में 23 जून को विपक्षी दलों की हुई बैठक के बाद आपस में ही घमासान मचा है।

कांग्रेस व बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इसको लेकर आमने–सामने है। बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष व लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने विपक्षी एकता की बैठक पर तंज कसते हुए इसे एक भव्य शादी समारोह की तरह बताया है।चौधरी ने कहा कि बैठक में कांग्रेस नेताओं को शिष्टाचारवश शामिल होना पड़ा। दूसरी तरफ, राज्य की मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने सोमवार को कूचबिहार में एक रैली में निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा, कांग्रेस व माकपा सब मिले हुए हैं।



# डीएम ने विभागीय कार्यप्रणाली के सरलीकरण को मांगे सुझाव



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद में 30 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत विविध विकास कार्यक्रमों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए योजनाओं व कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से विभागीय कार्यप्रणाली के सरलीकरण करने के सुझाव भी मांगे। साथ ही वार्षिक कैलेंडर तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयों में पुरानी व निष्प्रोज्य सामग्री का निस्तारण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में ईको टूरिज्म की विविध योजनाओं व क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करते हुए लक्ष्य निर्धारण करने के निर्देश दिए। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में कूड़ा संग्रहण के अंतर्गत सेग्रीगेशन एट सोर्स के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सरकारी परिसंपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के साथ ही अनाधिकृत कब्जा हटाने, मोटर मार्गों को गड्ढा मुक्त किए जाने हेतु सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को भी लक्ष्य निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

इस तरह जनपद हेतु 30 सूत्रीय कार्यक्रम में पार्किंग के विकास कार्य में उपलब्धि, शहरी क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं के संचरण पर अंकुश, पशु शरणालय की स्थापना व उसका संचालन सहित ग्रामीण अंचलों में औद्योनिकी व खाद्य प्रसंस्करण आधारित एमएसएमई की परियोजनाओं की स्थापना, नदी संरक्षण व चैक डैम निर्माण, जनता की सुविधा व जन समस्या के समाधान, विभागों में ई-ऑफिस के संचालन, प्रमुख मार्गों के किनारे प्लास्टिक व अन्य कूड़ा हटाए जाने विषयक, सरकारी परिसंपत्तियों के सर्वोत्तम उपयोग, आयुष विद्या को प्रोत्साहित करने के क्षेत्र में उपलब्धि, विभिन्न परियोजनाओं को उन्नत्ति पोर्टल पर अपलोड करने, सौर ऊर्जा के बेहतर व वैकल्पिक प्रयोग करने का लक्ष्य निर्धारण करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एचसी हटवाल, पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, अपर संख्याधिकारी सतेंद्र सैनी सहित योजनाओं हेतु नामित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## टिहरी में हरेला पर्व पर रोपे जाएंगें 13 लाख पौधे

टिहरी : हरेला पर्व पर टिहरी जिले में विभिन्न विभागों द्वारा करीब 13 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीडीओ मनीष कुमार ने बताया आगामी 15 जुलाई को हरेला पर्व पर हर घर पेड़ कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विभाग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के सभी 75 न्याय पंचायतों स्तर पर प्रत्येक घर पर कम से कम एक पौधे का रोपण किया जाएगा। प्रत्येक न्याय पंचायत में न्यूनतम 10 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। बताया वन विभाग को चार लाख, तहसीलों को 30 हजार, ब्लॉकों को 90 हजार, शिक्षा विभाग को एक लाख दो हजार, नगर पालिका और नगर पंचायत को पांच-पांच हजार पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही अन्य विभागों का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। इस संबंध में समस्त विभागीय अधिकारियों को पौधे रोपने के फोटोग्राफ उपलब्ध करने के निर्देश दिए भी जारी किए गए हैं। (एजेंसी)

# सरकार क्षैतिज आरक्षण का शासनादेश जल्द जारी करें

उत्तरकाशी : चिह्नित राज्य आंदोलनकारियों को राज्य की सेवाओं में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की बहाली और राज्यभर में चिह्निकरण प्रक्रिया जल्द पूरी करने को लेकर पुरोला और मोरी क्षेत्र के आंदोलनकारियों ने सोमवार को एसडीएम देवानंद शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में चिह्नित राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2021 में प्रदेश के तमाम राज्य आन्दोलनकारियों के चिह्नीकरण करने को जनपद स्तर पर चयन समितियों की बैठक की थी पर आजतक इसकी सूची जारी नहीं की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 13 मार्च 2023 चिह्नित राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने को लेकर गैरसैंण कैबिनेट बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उपसमिति की शिफारिश की मंजूरी दी गई है किंतु आज तक सरकार ने क्षैतिज आरक्षण को लेकर कोई अधिसूचना या अध्यादेश जारी नहीं किया गया व जिससे आंदोलनकारी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि जब तक सरकार क्षैतिज आरक्षण को लेकर विधेयक एवं शासनादेश जारी नहीं करती तब तक प्रदेश में अग्रिम भर्तियों पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन में मांग की गई है कि क्षैतिज आरक्षण को लेकर जल्दी अध्यादेश व शासनादेश जारी करने के साथ ही चिह्नीकरण की सूची जल्द जारी की जाए। ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत पृथ्वीराज कपूर, राजपाल पंवार, जयेंद्र सिंह, जयेंद्र राणा, कौशल बिजल्वाण, लक्ष्मी प्रसाद उनियाल, जगजीवन पंवार, बिमला, मालचंद, दीलदास, जयदेव पंवार आदि आंदोलनकारी शामिल थे। (एजेंसी)

# विधायक ने जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताई

विकासनगर। महा जनसम्पर्क अभियान के तहत सोमवार को विकासनगर विधानसभा के डाक पत्थर में विधायक मुन्ना सिंह चौहान के नेतृत्व में मेन मार्केट डाकपत्थर में सभी व्यापारियों से जनसंपर्क कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां की जानकारी दी। साथ ही कार्यकर्ताओं को मोदी नौ साल कार्यकाल की जन योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक चौहान के नेतृत्व में चलाए गए जनसंपर्क अभियान के तहत मेन बाजार डाकपत्थर में व्यापरियों की दुकानों में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ सालों की उपलब्धियों को गिनाया। विधायक चौहान ने कहा जबसे देश की सत्ता पीएम मोदी के हाथों में आई है। भारत ने कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कहा आज दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश भी भारत के तरफ दोस्ती के हाथ बढ़ा रहे है। जिससे यह पता चलता है कि भारत आज की तारीख में दुनियां के सबसे ताकतवर देशों में शुमार हो रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के नौ साल की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया जाएं। जिससे आने वाले लोकसभा चुनाव में फिर देश की कमान नरेंद्र मोदी के हाथों में हो वहीं हरबर्टपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा वार्ड–तीन के बूथ संख्या सौ में घर–घर महा जनसंपर्क अभियान चलाकर प्रधानमंत्री मोदी की नौ साल की उपलब्धियों को गिनाया गया। साथ ही मोदी के समर्थन हेतु फोन से मिस कॉल भी कराई गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विपुल मूसला, अरुण मित्तल, संतोष रावत, विनोद कश्यप, दिनेश कौशिक जनार्दन जोशी, रवींद्र धीमान, सुरेंद्र चौहान, रचिता ठाकुर, सुनीत गुलेरिया, योगेश त्यागी, सरोज गांधी, मनीष चतुर्वेदी, आदि मौजूद रहे।

# डॉ मृत्युंजय मिश्रा बने आयुर्वेद विभाग के ओएसडी

देहरादून। आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ मृत्युंजय मिश्रा को आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग का ओएसडी बनाया गया है। अपर सचिव आयुष डॉ विजय जोगदंडे की ओर से इस संदर्भ में आदेश किए गए हैं। विदित है कि डॉ मृत्युंजय मिश्रा पूर्व में उच्च शिक्षा विभाग के कर्मचारी थे और फिर उन्हें आयुर्वेद विवि के कुलसचिव पद पर मर्ज कर दिया गया था। त्रिवेंद्र सरकार में उनके खिलाफ विजिलेंस जांच शुरू हुई और निलंबित भी किया गया। इस मामले में मिश्रा जेल भी रहे और बहाल होने पर मौजूदा सरकार ने उन्हें फिर से आयुर्वेद विवि का कुलसचिव नियुक्त कर दिया गया। हालांकि आयुर्वेद विवि प्रशासन ने उन्हें शासन के आदेश के बावजूद ज्वाइन नहीं करने दिया। जिस पर मिश्रा को शासन में अटैच कर दिया गया। मिश्रा लम्बे समय से आयुर्वेद विवि में कुलसचिव के पद पर तैनाती के प्रयास कर रहे थे। लेकिन अब उन्हें सरकार ने आयुर्वेद एवं यूनानी निदेशालय में सृजित किए गए विशेष कार्याधिकारी के पद पर तैनाती दे दी है। इधर मिश्रा के आने से आयुर्वेद निदेशालय में खलबली मच गई है। सूत्रों ने बताया कि मिश्रा के आने से आयुर्वेद निदेशालय में अफसरों के कामकाज प्रभावित हो सकते हैं।

# बीडीसी में हर घर नल जल योजना को लेकर जनप्रतिनिधियों ने किया हंगामा

टिहरी : ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल में आयोजित बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने हर घर नल जल योजना को लेकर जमकर हंगामा किया। सदस्यों ने बीडीसी में रखी गयी शिकायतों को संबंधित विभागों तक नहीं भेजे जाने पर रोष भी जताया।देवप्रयाग की बीडीसी बैठक ब्लॉक प्रमुख सूरज पाठक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सदन में पहुंचे डीडीओ सुनील कुमार ने अधिकारियों को जन शिकायतें दूर करने के सख्त निर्देश दिए। बीडीओ आशारानी आर्य ने पिछली बीडीसी में रखी गई शिकायतों पर हुई कार्यवाही का ब्योरा रखा। प्रधान संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह चौहान ने कहा कि जल निगम अधिकारियों की ओर से ग्राम समितियों के प्रस्तावों को दर किनार कर मनमाने तरीके से हर घर नल योजना का काम करवाया जा रहा है। प्रधान अरविंद जियाल ने सीएचसी देवप्रयाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी न होने पर डॉक्टरों द्वारा खुद मरीजों की पर्ची बनाने की बात कही। प्रधान तनुजा बडोनी ने क्वीली में ग्रामीण महिलाओं द्वारा मेहनत से उगाए बहुमुल्य जंगल के आग में नष्ट होने की जांच की मांग की गई। प्रधान चपोली आशा पंवार ने झण्डीधार पेयजल योजना से दूषित पेयजल आपूर्ति होने की शिकायत रखी। सदन में सदस्यों ने हिंडोलाखाल में भूमि दिए जाने के बाबजूद स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय नहीं खुलने पर सवाल उठाए गए। वहीं ऑनलाइन पेंशन से आ रही दिक्कतों पर समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि अभी छह माह ऑफलाइन ही यह प्रक्रिया चलेगी। लोनिवि की सड़क निर्माण से ध्वस्त पैदल रास्तों और पुश्तों के नहीं बनने, स्वीकृत भादीखाल त्युनि, उनाना रुमधार मार्ग का निर्माण शुरू नहीं होने का मुद्दा भी रखा गया। बिडाकोट, चपोली में जर्जर बिजली के पोलों व झूलती तारों से जान जोखिम का खतरा बढ़ने, कांडीखाल में जर्जर आंगनबाड़ी भवन का मुददा प्रधान सोहन नौडियाल ने उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### समर्थ पोर्टल पर करेक्शन विंडो फिर शुरू

देहरादून। डिग्री कालेज में एडमिशन के लिए उच्च शिक्षा विभाग के समर्थ पोर्टल पर आवेदन कर रहे छात्रों के लिए त्रुटि सुधार सुविधा (करेक्शन विंडो) दोबारा शुरू कर दी गई। यदि किसी छात्र ने आवेदन पत्र में कोई सूचना गलत दर्ज कर दी होगी तो उसे संशोधित किया जा सकता है। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. सीडी सूंठा ने बताया कि त्रुटि सुधार के वक्त छात्रों को खासा एहतियात भी रखना होगा। छात्र त्रुटि सुधार केवल एक बार ही कर सकता है। इसलिए अपने आवेदन पत्र को जमा करने से पहले ठीक से जांच कर ली जाए। उसके बाद ही सबमिट का बटन क्लिक किया जाए। समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का वक्त 30 जून तक बढ़ाया जा चुका है। अंतिम तिथि के बाद कालेज मेरिट तैयार कर अपनी वेबसाइट पर दर्ज करेंगे। इससे छात्रों को जानकारी मिल जाएगी।

### शौर्य चक्रविजेता को सांसद ने किया सम्मानित

देहरादून। भाजपा के महा जन संपर्क अभियान के तहत राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने धर्मपुर विधानसभा में केदारनगर मंडल निवासी शौर्य चक्र विजेता जगमोहन सिंह बिष्ट को सम्मानित किया व मोदी सरकार की उपलब्धियों वाली बुकलेट भेंट की। महानगर उपाध्यक्ष रतन सिंह चौहान ने बताया कि इस अभियान के दौरान पूर्व अधिशासी अभियंता देवी सिंह बिष्ट, कैप्टन प्यारे लाल उनियाल, पंचायत राज अधिकारी आनंद मनी डिमरी, पूर्व प्रधानाचार्य राम प्रसाद, समाज सेवी विधा बिष्ट, राजा राम को उनके घर जा कर सम्मानित किया।

### मस्जिद के इमामों ने किया रक्तदान

देहरादून। तस्मिया ऑल इंडिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से इंदर रोड पर तस्मिया अकादमी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मस्जिदों के इमामों ने रक्तदान किया। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. एस फारूक ने खुद 32वीं बार रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया। कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह जरूरतमंद नागरिकों की जान बचाने को आगे आए।

# डीएम दूसरे ओर चौथे मंगलवार को करेगें विकास कार्यों की समीक्षा

### लापरवाह अधिकारियों का रूकेगा जून माह का वेतन

उत्तरकाशी : जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे मंगलवार को जिलाधिकारी विकास कार्यों एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी विभागों को जिला योजना से संबंधित प्रस्ताव मंगलवार सुबह तक उपलब्ध कराने की हिदायत दी। कहा कि मामले में विलंब करने वाले अधिकारियों का जून माह का वेतन रोक दिया जाएगा।

सोमवार को जिला सभागार में जन शिकयतों के निस्तारण एवं विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाईन पर दर्ज की गई जन शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करें। आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए अब हर माह के दूसरे व चौथे मंगलवार को सभी जिला स्तरीय अधिकारी जिला मुख्यालय में एक साथ उपलब्ध रहेंगे। जिलाधिकारी स्वयं इस आयोजन में उपस्थित रहकर लोगों के समस्याओं को सुनेंगे तथा विभागों से संबंधित मामलों के निस्तारण की समीक्षा भी करेंगे। इन मौकों पर विकास कार्यों एवं विभागीय योजना की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के द्वारा जिला योजना से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत न किए जाने पर निगम के अधिशासी अभियंता को चेतावनी निर्गत करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को विभागीय भूमि आदि परिसंपत्तियों का ब्योरा भी तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित कर लें कि कोई भी परिसंपत्ति रजिस्टर में दर्ज होने से नहीं छूटे और सरकारी परिसंपत्ति पर अतिक्रमण होने पर अविलंब उसे हटाने की कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 30 सूत्री कार्यक्रम के संबंध में विभाग अपनी राय उपलब्ध कराएं, इससे कार्यक्रम में शामिल मदों के लक्ष्य निर्धारण एवं क्रियान्वयन के लिए ठोस रणनीति तय करने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने धान की रोपाई के सीजन को देखते हुए सभी नहरों से अंतिम छोर तक सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देने के साथ ही जन सहयोग से जल संचय अभियान को तेजी से संचालित करने की अपेक्षा की।

### भाजपा की उपलब्धि घोटाला रहित सरकारें

देहरादून। केन्द्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा महा जन सम्पर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजपुर रोड विधायक खजानदास ने कहा कि भाजपा के केन्द्र में 9 साल एवं प्रदेश में 6 साल के कार्यकाल में एक भी घोटाला नहीं हुआ है, यह मोदी सरकार की उपलब्धि है। जहां एक ओर देश समग्र विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए, वहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ा है। सुभाष रोड स्थित श्री निवास वैडिंग प्वांइट खजानदास ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनमानस अनेकों दृष्टिकोण से लाभान्वित हुआ है। उत्तराखंड में ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन, चारों धामों को जोड़ने के लिए ऑलवेदर रोड, पर्यटन को बढ़ावा, केदारनाथ धाम में पुर्ननिर्माण जैसी अनेक उपलब्धियां हैं। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देहरादून ग्रामीण प्रभारी विनय रोहिला, अम्बेडकर मण्डल अध्यक्ष पंकज शर्मा, अभिषेक नौडियाल, वैभव अग्रवाल, शुभम शर्मा, अवधेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अवैध कब्जा हटाने गई यूपीसीएल ने अपने कब्जे की जमीन गंवाई

विकासनगर। हरिपुर बिजलीघर की जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने गई उत्तराखंड पावर कार्पोरेशन की टीम को कई वर्षो से अपने कब्जे में रही जमीन ही गंवानी पड़ी। खुद की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने के लिए पैमाइश कराई तो पता चला कि यूपीसीएल ने ही ग्रामीणों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हरिपुर बिजलीघर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत स्थानीय समाज सेवी सुमित कुमार ने जिला प्रशासन और सीएम हेल्प लाइन में की थी। जिसके बाद एडीएम ने यूपीसीएल और तहसील प्रशासन को जमीन की पैमाइश कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। सोमवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यूपीसीएल और तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने पैमाइश शुरू की। शुरुआत में स्थानीय बाशिंदों को लगा कि अतिक्रमण के नाम पर उनके निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा, जिससे उनमें हड़कंप मचा रहा। ध्वस्तीकरण की संभावित कार्रवाई से डरे स्थानीय लोग भी मौके पर ही मौजूद रहे। लेकिन ज्यों ज्यों पैमाइश की कार्यवाही आगे बढ़ती रही वैसे ही परिस्थितियां बदलने लगी। शाम होते ही पूरी स्थिति साफ होने पर पता चला कि यूपीसीएल ने खुद ही स्थानीय बाशिंदों की जमीन पर अपनी सुरक्षा दीवार बना रखी है। ग्रामीणों ने यूपीसीएल से अपनी जमीन पर हुए कब्जे को ध्वस्त करने की मांग की। उधर, नायब तहसीलदार कालसी प्रेम सिंह ने बताया कि यूपीसीएल को ग्रामीणो की जमीन से अपना कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सरकार किसानों की आय बढ़ाने के वादे पर खरा उतर रही

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक मुख्यालय में बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति के नए कार्यालय भवन का लोकार्पण विधायक सहदेव पुंडीर ने किया। उन्होंने कहा कि कार्यालय भवन बनने से अब इसका लाभ ब्लॉक के किसानों को मिलेगा। विधायक ने कहा कि बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को सिर्फ सरकार की योजनाओं का लाभ ही नहीं मिलता है, बल्कि उनमें सहभागिता और सहकारिता की भावना भी पैदा होती है। कहा इन समितियों के माध्यम से कई किसान सामूहिक खेती कर अपने उत्पाद बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही अब सहकारी समितियां कारपोरेट कंपनी की तरह भी काम कर रही हैं, जिससे छोटे और मझौले काश्तकारों को लाभ मिल रहा है।

बताया कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के अपने वादे पर खरा उतर रही है। सहकारिता विभाग के माध्यम से सरकार ने किसानों को आर्थिक सहायता मुहैया कराने के लिए बिना ब्याज के ऋण देने की योजना भी शुरू की है। इससे किसान खाद, बीज और कृषि उपकरण खरीद सकते हैं। विधायक ने कहा कि खेती और किसानी को बढ़ावा देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। देश के साथ ही प्रदेश को भी अन्न उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शिक्षकों की नियुक्ति होने पर जताया आभार

देहरादून। मसूरी के एकमात्र डिग्री कॉलेज में 2007 से शिक्षकों की कमी चल रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति 15 दिनों के भीतर करने के निर्देश दिए। इस पर म्युनिसिपल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं ने आभार व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रिंस ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज में 14 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और अब यहां पढ़ाई करने आने वाले छात्र छात्राओं को सभी विषय उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि यह मसूरी का एकमात्र डिग्री कॉलेज है और लंबे समय से छात्र–छात्राएं शिक्षकों की नियुक्ति की मांग कर रहे थे। कॉलेज के प्राचार्य अनिल चौहान ने बताया कि वर्ष 2007 से सेवानिवृत्त हुए अध्यापकों के बाद कोई भी नियुक्ति नहीं हो पाई थी लेकिन उच्च न्यायालय में अनीशा द्वारा दायर याचिका के बाद 14 नियुक्तियां 15 दिनों के भीतर करने की बात कही गई है,

# 2034 तक ऋषिकेश को महायोजना के अंतर्गत संवारा जाएगा



ऋषिकेश। मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण के सचिव बंशीधर तिवारी ने त्रिवेणीघाट पर जी–20 के तहत हुए सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 तक ऋषिकेश को मास्टर प्लान के अनुरूप विकसित किया जाएगा। एमडीडीए सचिव ने जी–20 के मेहमानों के गंगा आरती कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर मौजूद अधीनस्थों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एमडीडीए सचिव तिवारी ने बताया कि देश–दुनिया से त्रिवेणी घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए जल्द ही प्रख्यात भजन गायिका अनुराधा पौडवाल और अन्य संगीतकारों के भजन तथा आरती की त्रिवेणी घाट पर शुरुआत की जा रही है। रघुनाथ मंदिर में बने प्राचीन ऋषि कुंड का कायाकल्प कर 12 महीने जमुना के जल की आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के लिए साफ सफाई कर व्यवस्था की जा रही है। त्रिवेणी घाट की पहचान बन चुके अर्जुन रथ के साथ गंगा की सुंदर मूर्ति भी स्थापित की जाएगी, इससे ऋषिकेश की पहचान तीर्थनगरी के रूप में देश–दुनिया के लोगों के सामने आएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वर्ष 2034 तक ऋषिकेश को मास्टर प्लान के तहत संवारा जाएगा।

# नगरपालिकाओं को भी मजबूत बनाने के तरीके साझा किये

ऋषिकेश। भारत की अध्यक्षता में तीसरी जी–20 इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य समूह की बैठक में नगर निकायों को मजबूत और शहरों को टिकाऊबनाने के तरीकों पर भी विचार साझा किए। विदेशी प्रतिनिधियों ने इसके लिये बनाई गई योजनाओं पर अपनी राय रखी। समिट में दुनिया के सबसे महत्वाकांक्षी नए शहर के विकास में से एक इंडोनेशिया में 'नुसंतरा को लॉन्च करने का एक प्रसंग भी साझा किया गया। इस दौरान विदेशी डेलीगेट्स ने गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए भारतीय प्रेसीडेंसी की सराहना भी की। सोमवार को उत्तराखंड के नरेंद्रनगर में चल रही जी–20 इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक में 63 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बैठक को भारतीय प्रेसीडेंसी और एशिया इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक, एआईआईबी द्वारा आयोजित रहने योग्य शहर बनाने पर उच्च स्तरीय सेमिनार द्वारा भी पूरक बनाया गया। तीन सत्रों में हुई चर्चाओं में जी–20 के निर्णय निर्माताओं को प्रौद्योगिकी, इन्फ्राटेक और डिजिटलीकरण की भूमिका की खोज के साथ–साथ जलवायु परिवर्तन से लेकर बुनियादी ढांचे के लचीलेपन, तेज शहरीकरण और समावेशन जैसी प्रमुख चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। साइड इवेंट का प्रतिनिधित्व हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट, सी 40 सिटीज़ और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के एक प्रतिष्ठित पैनलिस्ट ने किया।

### नशामुक्त समाज बनाने को हर वर्ग निभाएं अहम भूमिका

देहरादून। सोमवार को दून मेडिकल कॉलेज में अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर कम्युनिटी मेडिसन एवं मानसिक रोग विभाग की ओर से राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राज्यपाल और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने डॉक्टरों, छात्र–छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कहा कि मादक पदार्थों के सेवन और इसके नेटवर्क को तोड़ने के लिए हर वर्ग को एक साथ आकर काम करना होगा।

# डीएवी में छात्रों का एचएनबी कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। डीएवी सहित अन्य कालेजों की संबद्धता खत्म किए जाने के खिलाफ सोमवार को छात्रों ने डीएवी में एचएनबी विवि के कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र प्रिंसिपल कार्यालय में धरने पर भी बैठे, जहां प्रिंसिपल से उनकी तीखी नोंकझोंक भी हुई। डीएवी के छात्र नेता आकिब अहमद ने कहा कि एचएनबी विवि ने जो फैसला लिया है ये पूरी तरह से उत्तराखंड के छात्रों के साथ न इंसाफी है। हाई कोर्ट ने 2014 मे केंद्रिय विश्वविद्यालय बनने से पहले ही साफ कर दिया था कि विश्वविद्यालय के पास किसी भी महाविद्यालय को संबद्धता देने व किसी भी महाविद्यालय को असंबद्ध करने का अधिकार नहीं है। जब तक कुलपति डीएवी व अन्य महाविद्यालय की संबंधता खारिज करने का फैसला वापिस नहीं लेती तब तक विवि का विरोध जारी रहेगा।

अगर जल्द फैसले पर पुनः विचार कर कर संबद्धता वापिस नहीं की जाती तो छात्र श्रीनगर आकर विवि का घेराव करेंगे। इस दौरान शोएब अहमद,आशीष रावत, मेहर मिश्रा, आदर्श वर्मा, सुमित, मयंक रावत, रजत शर्मा, रितेश, आकाश और करण नेगी आदि मौजूद थे। संबद्धता खत्म करनी थी तो क्यों दिए तीन बार सीयूईटी परीक्षा के निर्देश डीएवी के छात्र नेता हनी सिसोदिया ने विवि पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि विवि ने फरवरी,अप्रैल और मई में तीन पत्र डीएवी,डीबीएस सहित सभी कालेजों को भेजे। जिनमें निर्देश दिए गए कि इस बार प्रवेश सीयूईटी से होंगे। हनी सिसोदिया के अनुसार अगर संबद्धता खत्म करनी थी तो विवि को ये पत्र नहीं भेजने चाहिए थे।

## 506 मरीजों ने कराई शिविर में जांच

**सतपुली** : द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण सतपुली में आयोजित दो दिवसीय ईएनटी शिविर में पहले दिन 241 व दूसरे दिन 265 कुल 506 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। अस्पताल की डिप्टी मैनेजर प्रीति बिष्ट ने बताया कि शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ डा. समीर टोपनो द्वारा दो दिवसीय शिविर में कान, नाक और गला से संबंधित सभी बीमारियों के 506 मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें 120 मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया। जिनका दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में 363 मरीजों के निःशुल्क सीटी स्कैन, एक्स रे, खून की जांच की गई। इसके साथ 272 मरीजों की ऑडियोमेटरी भी की गई।

## 15 मोटर मार्गों पर यातायात रहा ठप

**पौड़ी** : सोमवार को भी सुबह से बारिश जारी रही। बारिश से जिले के 2 राज्यमार्ग के साथ ही 13 ग्रामीण मोटरमार्गों पर यातायात ठप हो गया। प्रशासन द्वारा जेसीबी की मदद से बंद मोटरमार्गों को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन सड़कों पर बोल्डर व मलबा आने से समस्याएं हो रही हैं। सोमवार को बारिश से राज्यमार्ग पौड़ी-देवप्रयाग, मरचूला-सराईखेत-पोखड़ा-सतपुली–पौडी के साथ ही संगलाकोटी-भैडगांव, नौडखाल-नाद-सिंगटाली, द्वारी-भौन, वयेला मल्ला-सिरवाणा-बगरखाल, रैतपुर-कालौजल, पौखाल-मंडालु, दुगडडा-जुवा, ऐता-चरेख, पीपलचौड़-खुबानी, थलीसैंण-फरसूड़ी-धाधणखेत, कमलिया मोटरमार्ग, नौलापुर-बीरोंखाल, धनियाल गांवबडियाना मोटरमार्ग पर यातायात ठप रहा।

## लिंक मोटरमार्गों का सुधारीकरण किया जाए

**पौड़ी** : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव ने जिला पंचायत द्वारा बनाई गए लिंक मोटरमार्गों के सुधारीकरण की मांग की है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन देकर जल्द ही मोटर मार्गों का सुधारीकरण करने की मांग की है। सोमवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव दीपक असवाल ने जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन दिया। इस दौरान दीपक असवाल ने कहा कि पौड़ी-कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर ज्वाल्पा देवी से लेकर ज्वाल्पा धार तक जिला पंचायत द्वारा लिंक मोटरमार्ग बनाया गया, लेकिन मार्ग पर मलबा आने से मार्ग बाधित हो रखा है। जिससे ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, डांग गांव को जोड़ने वाला शहीद रूद्री सिंह नेगी मोटरमार्ग भी पर बड़े-बड़े गड्ढे से ग्रामीणों को आवाजाही करने में काफी दिक्कतें हो रही है। ग्रामीण जान जोखिम में रखकर इस मोटरमार्ग से आवाजाही करने को मजबूर है। उन्होंने जिला पंचायत से जल्द ही इन लिंक मोटरमार्गों को जल्द ही सुधारने की मांग की है।

## किशनपुरी के नाम रहा फुटबॉल का फाइनल मुकाबला

**कोटद्वार** : काशीरामपुर में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला किशनपुरी के नाम रहा। प्रतियोगिता में दस से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया था। आयोजित फाइनल मुकाबले का शुभारंभ पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी आगे रहने की सीख दी। कहा कि आज कई युवा बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। फाइनल मुकाबले में किशनपुरी ने काशीरामपुर को 1-0 से हरा कर मुकाबला आपने नाम किया। इस मौके पर फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील रावत, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, अंकुश घिल्डियाल, रिंकू रावत, प्रियांश भट्ट आदि मौजूद रहे।

# खोए हुए लाखों के मोबाइल दिलवाए वापस, खिल उठे चेहरे

### कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र से गायब हुए थे लोगों के मोबाइल



कोटद्वार कोतवाली में लोगों को मोबाइल सौंपती पुलिस।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस व सीआईयू पुलिस ने कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र से गायब हुए लाखों रुपये के मोबाइल लोगों को वापस दिलवाए हैं। बरामद मोबाइल फोनों की कीमत 12 लाख रुपये बताई जा रही है। 61 मोबाइल उनके स्वामियों के सुपुर्द किए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि क्षेत्र में गायब हुए विभिन्न फोनों की तहरीर पुलिस को दी गई थी। लोगों तक उनके मोबाइल सही सलामत स्थिति में वापस पहुंचाए जाएं इसके लिए पुलिस पूरी गंभीरता से कार्य कर रही थी। टीम ने खोए हुए मोबाइलों को उनके स्वामियों तक पहुंचा दिया है। इस दौरान लोगों को साइबर अपराध के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस ने उपभोक्ताओं से बिना परिचित व्यक्ति को अपने बैंक से संबंधित जानकारी न देने की भी अपनी की। कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आमजन का जागरूक होना अति आवश्यक है। किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## स्वस्थ जीवन बिताने की शपथ ली

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर थाना क्षेत्र में इंटरनेशनल डे अंगेस्ट ड्रग एब्यूज एंड इल्लिसिट ट्रेफिकिंग के अन्तर्गत व्यापार मण्डल, आमजन के साथ कीर्तिनगर बाजार में युवाओं एवं समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा किसी प्रकार का नशा न करने तथा स्वस्थ जीवन बिताने की शपथ ली गई गई। कोतवाल कमल मोहन भंडारी ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताने के साथ ही नशे का सेवन न करने की शपथ दिलाई जा रही है। (एजेंसी)

## अंग्रेजी शराब के साथ 1 गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर कोतवाली पुलिस ने 94 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि अवैध शराब बिक्री व तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए थाना कीर्तिनगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान थापली चौरास से अजय पुरी को 94 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कहा इस मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। (एजेंसी)

# मदन कुमार शिल्पकार को मिला ज्योतिबा फूले सम्मान

### भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारतीय दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल की ओर से एससी/एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मदन कुमार शिल्पकार को महात्मा ज्योतिबा फूले सम्मान दिया गया। इस दौरान युवाओं से बेहतर समाज निर्माण में अपना योगदान देने की भी अपील की गई।


कोटद्वार में मदन कुमार शिल्पकार को सम्मानित करते अकादमी के सदस्य

अकादमी के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल आर्य की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट के सदस्य वयोवृद्ध बचन सिंह गुसाईं ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले व वीरांगना सावित्री बाई फूले ने महिलाओं व दलितों के लिए शिक्षा के द्वार खोले। उन्होंने सदैव समाजिक हितों के लिए कार्य किया। कहा कि युवाओं को महात्मा ज्योतिबा फूले व वीरांगना सावित्री बाई फूले के जीवन पर लिखी पुस्तकों का अध्ययन कर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। भारतीय दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि एससी/एसटी एम्प्लाइज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मदन कुमार शिल्पकार भी दलित समाज के उत्थान में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्हें बेहतर कार्यों को देखते हुए अकादमी की ओर से उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है। इस मौके पर अकादमी के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी, बीर सिंह, राजीव कुमार, राकेश कुमार, चंदन टम्टा, मनोज सिंह, आलम सिंह आदि मौजूद रहे।

# डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का काम अधर में लटकाने से प्रमुख नाराज

**श्रीनगर गढ़वाल** : खिर्सू विकासखंड कार्यालय के कार्यालय परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने का कार्य अधर में लटकाने पर ब्लॉक प्रमुख भवानी गायत्री ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि 75 फीसदी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कार्य बंद करवाना न्याय संगत नहीं है।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ब्लॉक मुख्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृति में प्रतिमा स्थापना के लिए जिले के प्रभारी मंत्री स्व. चंदन रामदास की संस्तुति पर जिला योजना से 10 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई थी। इस कार्य का दायित्व क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई की ओर से परियोजना प्रबंधक अस्थाई निर्माण इकाई उत्तराखंड पेयजल निगम पौड़ी को दिया गया था। जिसका निर्माण गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में 19 मई को शुरू हुआ। लेकिन अब 75 फीसदी कार्य होने के बाद पहली जून को प्रभारी खंडविकास अधिकारी ने निर्माण कार्य को बंद करवा दिया है। कहा कि इस इस संदर्भ में उनकी ओर से 2 जून को डीएम को पत्र लिखकर कार्य को शुरू करवाने का अनुरोध किया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि यदि इस स्थान पर किसी को प्रतिमा स्थापित किए जाने पर कोई आपत्ति थी तो उन्हें पहले ही अपना सुझाव देना चाहिए था। लेकिन अब आधे से अधिक कार्य पूरा होने पर आपत्ति जताना न्याय संगत नहीं है। (एजेंसी)

# दिव्यांगों के हित में काम कर रहा सक्षम

### धूमधाम के साथ मनाया गया सक्षम संस्था का वार्षिकोत्सव


कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सक्षम के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) संस्था ने दिव्यांगों के साथ सिद्धबली धाम मन्दिर परिसर में अध्यक्ष योगम्बर रावत की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर दिव्यांगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि दिव्यांग व्यवहार विशेषज्ञ पूजा डंडरियाल ने किया। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याओं को सुना और उनके परिजनों को सुझाव दिये। सक्षम के प्रांत सचिव एवं मुख्य वक्ता कपिल रतूड़ी ने संस्था के विभिन्न प्रकोष्ठों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सचिव विपुल उनियाल ने मन्दिर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर जेपी ध्यानी का कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर दिव्यांग मेघा और निकिता द्वारा गढ़वाली लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुदीप बौंठियाल, महिला प्रमुख पिंकी खंतवाल, महिला सह प्रमुख आरती खंतवाल, इंदु नौटियाल, मधु नेगी, भारती देवी एजूकेशनल फाउंडेशन की संचालिका रिनि लखेड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने लिया समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। कहा कि समाज को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जानकी पंवार ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हमें गंभीरता से कार्य करना होगा। वर्तमान में नशे की प्रवृत्ति युवाओं के जीवन को बर्बाद कर रही है। अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर ध्यान देना होगा। कहा कि विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नशे की प्रवृत्ति को रोका जा सकता है। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. संतोष कुमार गुप्ता, बीएड विभाग के प्राध्यापक डा. अमित कुमार जायसवाल, डा. ऋचा जैन, डा. प्रियंका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


महाविद्यालय में समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेते शिक्षक।

# अनुज और आयुष की जोड़ी ने जीता बैंडमिंटन का फाइनल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री सिद्धबली स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अनुज व आयुष की जोड़ी के नाम रहा।


बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता टीम

मोटाढांक में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने कहा कि। इस दौरान पुरुष ओपन वर्ग में देहरादून के अनुज बड़थ्वाल ने गौरव बिष्ट को 21-17, 21-17 से हराया। ओपन डबल फाइनल में अनुज बड़थ्वाल, आयुष डिमरी की जोड़ी ने 21-19 21-19 से गौरव बिष्ट व अंकित की जोड़ी को हराकर फाइनल जीता। वेटरेनस (40 प्लस) डबल्स में संजीव खत्री और नितिन बिष्ट की जोड़ी ने ऋतुराज व रवि की जोड़ी को 21-16, 21-14 से हराया। प्रतियोगिता में वरुण भट्ट व राहुल वर्मा ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। इस मौके पर गिरिराज सिंह रावत, जगमोहन पपनाई, तीरथ रावत, हर्षवर्धन बिंजोला, दीपक रावत, मुकेश भंडारी, मनोज बिष्ट, जगमोहन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# नशा नहीं बेहतर भविष्य चुनें युवा

### जागरूकता दौड़ में रीता और दीपांशु चौहान ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी की ओर से जनपद में बढ़ रहे अपराधों, नशे और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जन जागरूकता अभियान के क्रम में कोटद्वार कोतवाली से नशे के विरुद्ध जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। लगभग तीन किमी. की रैली में स्कूली बच्चे, बड़े, आम नागरिक व पुलिसकर्मियों सहित लगभग डेढ़ सौ लोगों ने हिस्सा लिया। दौड़ के बाद विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।


कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने कहा कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। नशे का आदी व्यक्ति अपने ही घर में चोरी करने से नहीं हिचकता। इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। तत्पश्चात उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बालिका वर्ग की दौड़ में रीता ने पहला, ललिता ने दूसरा और स्वाती ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में दीपांशु चौहान ने पहला, अनुज नेगी ने दूसरा और मनीष सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# मातेश्वरी त्याग तपस्या की मूरत थी

**श्रीनगर गढ़वाल** : अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी के 58 वें पुण्य स्मृति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमार मेहर चंद ने कहा कि संस्थान के शुरुआती दिनों सन 1936 से ही मातेश्वरी एवं उनका समस्त परिवार संस्थान के संपर्क में रहा। उनकी विलक्षण प्रतिभा, कुशाग्र बुद्धि आज्ञाकारिता के भाव को देखकर संस्थान के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा ने सन 1940 में उन्हें प्रथम मुख्य प्रशासिका नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि मातेश्वरी त्याग तपस्या की मूरत थीं। कहा कि आज मातेश्वरी जी के त्याग तपस्या और सेवा भाव से प्रेरणा लेते हुए ब्रह्माकुमारी से जुड़े लाखों भाई बहनों अपने तन–मन–धन से भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए दृढ़ संकल्परत हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरटीआई एवं आरटीई कार्यकर्ता कुशलानाथ ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान विश्व भर में भारतीय संस्कृति का परचम लहरा रहा है। विशिष्ट अतिथि रंगकर्मी विमल बहुगुणा ने मातेश्वरी जगदंबा को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान रशिया में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन गोल्ड मेडल जीतने वाले देवांश नौटियाल को भी संस्थान की तरफ से सम्मानित किया गया। मंच संचालन ब्रह्माकुमारी दीक्षा बहन द्वारा किया गया। मौके पर बीके नीलम सीमांचल, जसवंत, भानु, तेजस आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# वैश्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बनें सुबोध

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : वैश्य अग्रवाल सभा की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत रविवार को सभा के तीन पदों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई गई। तेज बारिश के बीच 1834 में से 1330 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में सुबोध गर्ग को अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार अग्रवाल को महामंत्री और संदीप अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर सुबोध गर्ग ने 787 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी अरविंद बंसल को 521 मत मिले। महामंत्री पद पर नरेंद्र कुमार अग्रवाल ने 462 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। अन्य प्रतिद्वंदियों में अमित कुमार को 204, अमिताभ अग्रवाल को 209, दिनेश कुमार अग्रवाल को 171 और सुमित कुमार को 273 मत मिले।


वैश्य अग्रवाल सभा के नव निर्वाचित पदाधिकारी।

कोषाध्यक्ष पद पर संदीप अग्रवाल ने 773 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंदी राम प्रसाद जिंदल को 542 मत मिले। चुनाव संपन्न कराने में चुनाव अधिकारी महेंद्र कुमार अग्रवाल के अलावा श्रीकृष्ण सिंघानिया, अवधेश कुमार व सहायक चुनाव अधिकारी नीरज गुप्ता व पवन अग्रवाल ने भी सहयोग किया।

## छात्रों ने ली नशा उन्मूलन की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : महाविद्यालय वेदीखाल में उत्तराखंड नशा मुक्त व ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान को सफल बनाने के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन नशा उन्मूलन शपथ ग्रहण किया गया। शपथ ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस दौरान स्थानीय बाजार वेदीखाल में जन-जागरूकता अभियान के तहत नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान बताया गया कि एक सुखद जीवन के लिए किस प्रकार से जीवन को जीना है और नशे से दूर रहना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा. गजराज सिंह, महाविद्यालय के प्राध्यापक के साथ ही सभी कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक इस अभियान का संचालन किया।

# कोटद्वार को दो गोल से हराकर मेजबान दिनेशपुर पहुंचा क्वार्टर फाइनल में



रुद्रपुर : पवित्र यंग क्लब और नगर क्षेत्र समिति के तत्वावधान में चल रही गुरुपद विश्वास मेमोरियल अंतराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता दिनेशपुर कप के सातवें लीग मैच में मेजबान दिनेशपुर ने कोटद्वार की टीम को 4-2 से हराकर प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शानदार खेल की बदौलत दिनेशपुर के अमित मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी में खेले गए सातवें लीग मैच में मेजबान दिनेशपुर टीम ने शुरुआत से ही शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कोटद्वार के खिलाफ आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। 10 वें मिनट में सौरभ ने पहला गोल दागकर दिनेशपुर को 1-0 की बढ़त दिलाई। मध्यांतर से पहले कोटद्वार के खिलाड़ी ने गोल क्षेत्र के भीतर फाउल किया। इस पर दिनेशपुर को पेनाल्टी किक मिली। इसे अक्की थापा ने गोल में बदलकर दिनेशपुर को 2-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर के बाद कोटद्वार के अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल के साथ गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद दिनेशपुर के सौरभ ने मैदानी गोल करके टीम का स्कोर 3-1 कर दिया। जवाब में कोटद्वार ने तुरंत गोल करके स्कोर 3-2 करके मैच को रोचक बना दिया। अंतिम समय में दिनेशपुर के तेजतर्रार स्ट्राइकर शुभम ने मैदानी गोल करके स्कोर 4-2 कर मैच को अपने पक्ष में कर लिया।

## रिटायर्ड कर्नल ने भाई पर लगाया सामान घर से बाहर फेंकने का आरोप

चम्पावत : रिटायर्ड कर्नल ने अपने भाई पर अपने ही घर से सामान बाहर फेंकने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नागनाथ वार्ड निवासी रिटायर्ड कर्नल भवानी दत्त जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि रविवार को वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उनके भाई ने घर में घुसकर सारा सामान सड़क पर फेंक दिया। पीड़ित का आरोप है कि सामान के साथ ही उनकी पत्नी के पांच लाख के जेवर भी गायब हैं। रिटा. कर्नल के मुताबिक उसका भाई लगातार उसे हत्या की धमकी दे रहा है।

पुलिस के मुताबिक दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है, जो कि न्यायालय में भी लंबित है।

# मिनी मैराथन में ललित, अंकिता, मोहित रहे अव्वल




चम्पावत : अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स दिवस के अवसर पर टनकपुर में मिनी मैराथन क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता हुई। इसमें पांच और दस किमी दौड़ कराई गई। प्रतियोगिता में कई युवाओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि एसपी देवेंद्र पींचा ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एसपी ने बताया कि दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और लोगों को जागरूक करना है। स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि ओपन बालक वर्ग दौड़ में ललित सिंह पहले, पवन रेशवाल दूसरे और रामबाबू तीसरे स्थान पर रहे। ओपन बालिका वर्ग में अंकिता बोरा पहले, पायल चंद दूसरे और अंजलि मोनी तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं अंडर–14 बालक वर्ग में मोहित बम पहले, निवेद टम्टा दूसरे और शिवम तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेता खिलाड़ियों को एसपी ने सम्मानित किया। यहां कोतवाल चंद्र मोहन सिंह, लक्ष्मण सिंह जगवाण, एसएसआई बची सिंह बिष्ट, बॉक्सिंग कोच ललित मोहन कुंवर, लक्ष्मण सिंह पाटनी, संग्राम सिंह यादव, पवनेश पाटनी, दीपक पचौली आदि रहे। (एजेंसी)

# युवाओं में बढ़ने नशे पर वरिष्ठ नागरिक न्यास ने जताई चिंता



बागेश्वर। अंतरराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस पर वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण न्यास की आयोजित बैठक में युवाओं में बढ़ते नशे को लेकर चिंता जताई गई। इस दौरान नशामुक्त बागेश्वर बनाने का संकल्प लिया। तय किया गया कि एक नागरिक कम से कम 100 युवाओं का नशा छुड़ाने का प्रयास करेगा। इसके लिए स्कूलों तथा कॉलेजों में अभियान चलाया जाएगा। बागनाथ पैलेस में सोमवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिले के युवा लगातार नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। ड्रग्स, स्मैक, चरस जैसा घातक नशा समाज में पांव पसार रहा है। अच्छे खासे मेधावी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। युवाओं के नशे के दलदल में जाने से उनके माता–पिता डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। समाज में पनप रही इस तरह की प्रवृति के खिलाफ सभी से एकजुट होने का आह्वान किया गया। इसके खिलाफ जन आंदोलन भी करना पड़ा तो किया जाएगा। पुलिस की मदद से स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नशे से होने वाले नुकसान से युवाओं को रूबरू कराया जाएगा। साथ ही माता–पिता से बच्चों की दिनचर्या पर नजर रखने की अपील की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष दिलीप खेतवाल व संचालन बालादत्त तिवारी ने किया।

## कौसानी में पांच दिवसीय लेखन कार्यशाला शुरू

बागेश्वर। बालप्रहरी और भारत ज्ञान–विज्ञान समिति अल्मोड़ा की ओर से सुमित्रा नंदन पंत वीथिका कौसानी में पांच दिवसीय लेखन कार्यशाला शुरू हो गई है। मुख्य अतिथि श्रीश कपूर ने बच्चों से कहा कि हमें अपने जीवन में किसी न किसी कला में पारंगत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी रुचि के अनुसार कला, संस्कृति, साहित्य व नाटक किसी न किसी विधा में अपनी पहचान बनानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम भविष्य में एक अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर या कलाकार बनें, लेकिन उससे पहले हमें एक अच्छा इंसान बनकर अपनी पहचान बनानी चाहिए । मुख्य संयोजक उदय किरौला ने बताया कि बालप्रहरी की ओर से अभी तक देश के 16 राज्यों में 291 पांच दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

# जनपद में 30 सूत्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु रोडमैप तैयार करने को जिलाधिकारी ने ली बैठक



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने जिला कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद में 30 सूत्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु रोडमैप तैयार करने एवं योजनाओं के वार्षिक लक्ष्य प्राप्ति हेतु किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि उनके विभाग द्वारा जिन भी योजनाओं का निर्माण किया जाता है उन योजनाओं में और क्या संभावनाएं हो सकती है, क्या समस्याएं आ सकती हैं इन बातों को ध्यान में रखते हुए वार्षिक योजना तैयार की जाए और उस लक्ष्य को कैसे प्राप्त किया जाय उसके लिए रणनीति तैयार की जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग व वन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि हमें जनपद में नये पर्यटक स्थलों को विकसित करने होंगे तथा उन पर्यटक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये वार्षिक योजना बनानी होगी। उन्होंने कहा कि चिन्हित पर्यटक स्थलों की डीपीआर बनाकर शासन को प्रेषित की जाय।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, डीआरडीए विभाग, युवा कल्याण, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा 30 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्त करने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

# ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरा ने मनाया 22वां स्थापना दिवस



अल्मोड़ा। जनपद के धौलादेवी विकासखंड अंतर्गत ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरा का 22वां स्थापना दिवस सोमवार 26 जून को मनाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर विद्यालय की प्रगति आख्या पढ़ी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र–छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ ही कुमाउंनी गीत व नृत्य के कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर विद्यालय के एमडी जवाहर सिंह बिष्ट ने विद्यालय की प्रगति की जानकारी दी और इस बार हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाफल शत–प्रतिशत रहने पर छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पहले प्रधानाचार्य प्रकाश नाथ गोस्वामी ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक शांति बिष्ट ने की। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, छात्र–छात्राओं समेत अभिभावक भी शामिल हुए।

## पेयजल के लिए बोरिंग का काम शुरू

चम्पावत : ग्राम पंचायत चौड़ा राजपुरा में लिफ्ट पेयजल योजना के बोरिंग का सोमवार को भूमि पूजन के साथ काम शुरू हो गया है। जल निगम से 1.21 करोड की लागत से योजना का निर्माण किया जा रहा है। पेयजल योजना के बनने के बाद चौड़ा राजपुरा गांव में पेयजल की किल्लत समाप्त होगी। लोगों को भरपूर पानी मिल सकेगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश उप्रेती, ग्राम प्रधान बबीता देवी ने विधिवत पूजा–अर्चना कर भूमि पूजन के साथ निमोण कार्य शुरू करवाया। इस दौरान जल निगम से अवर अभियंता अनिल कुमार ललित भट्ट, उमाशंकर जोशी, विक्रम रावत, माधव सिंह, जीवन सिंह, राम सिंह, महेश सिंह, देव सिंह, प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, पहलाद सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# विधायक ने किया सीसी मार्ग का लोकार्पण



रुद्रपुर। नगर के वार्ड 19 खेड़ा में विधायक शिव अरोरा ने सीसी मार्ग का लोकर्पण किया। पार्षद सुनील वाल्मीकि और युवा मोर्चा अध्यक्ष नमन चावला ने नारियल फोड़कर मार्ग का शुभारंभ किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, सुनील ठुकराल, मयंक कक्कड़, जितेंद्र सन्धु, प्रीति धीर, अर्पित सिंह, भीमसेन, रोबिन विश्वास, विकास सागर, सुनील सागर, मनीष गुप्ता, सोनू चावला, रमेश वाल्मीकि, विश्वजीत मलिक, भीम पांडेय, रामपाल वाल्मीकि, सोमपाल वाल्मीकि, मनमोहन सिंह, रवि दिवाकर, जितेंद्र चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया



रुद्रपुर : खटौला, मदनापुर और चक्कीमोड़ क्षेत्र में पुलिस ने नशा मुक्त पखवाड़े के तहत लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं ने नशे के खिलाफ पुलिस के अभियान में हिस्सा लिया। सोमवार को थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय के निर्देशानुसार नगर के खटौला में एसआई गिरीश पंत और महिला एसआई रजनी गोस्वामी ने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने लोगों को साइबर क्राइम के बारे में भी बताया। योग ध्यान केन्द्र की योग शिक्षिका डॉ. रंजना दुबे ने कहा नशे के कारण कई घर बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड को नशामुक्त प्रदेश बनाने के लिए सभी को आगे आना होगा। यहां पूर्व सैनिक लीग जिलाध्यक्ष खड़क सिंह कार्की, ग्राम प्रधान मुकेश कुमार आदि रहे। (एजेंसी)

## लंपी रोग से दो दुधारू गायों की मौत

चम्पावत : लोहाघाट के ग्राम सभा सुई पऊमें और बाराकोट ब्लॉक के बिसराडी में एक-एक दुधारू गाय की लंपी वायरस की चपेट में आने से मौत हो गई। सुई पऊ निवासी राजेंद्र प्रसाद ओली की दुधारू गाय और बिसराडी निवासी निर्मल राम की दुधारू गाय की मौत होने से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। बाराकोट ब्लॉक के ज्येष्ठ उप प्रमुख नंदा बल्लभ बगौली, उप प्रधान योगेश ओली, विनोद ओली, विनोद जुकरिया, प्रकाश चौधरी आदि ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से लंपी रोग को दैवीय आपदा मानते हुए पीड़ित पशुपालकों को मुआवजा देने की मांग की है।

# एन्टी ड्रग्स डे पर अल्मोड़ा पुलिस ने साईकिल रैली के माध्यम से जन—जन को किया ड्रग्स के प्रति जागरुक



अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संकल्प ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस व नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के समापन अवसर पर सोमवार 26 जून को ड्रग्स जागरुकता हेतु एन्टी ड्रग साईकिल रैली का आयोजन किया गया।

रैली में नगर के युवाओं और अल्मोड़ा पुलिस के जवानों द्वारा बढ़–चढ़कर उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया। एसएसपी अल्मोड़ा ने सुबह आठ बजे रघुनाथ सिटी मॉल से हरी झंडी दिखाकर ड्रग्स जागरुकता साईकिल रैली का शुभारंभ किया। साईकिल रैली नगर के मॉल रोड, शिखर, लक्ष्मेश्वर, लोअर माल रोड पाण्डेखोला, बेस तिराहा, करबला होते हुए निकली व रैली का समापन पुलिस लाईन अल्मोड़ा के गेट पर हुआ। एसएसपी राजगुरु ने साईकिल रैली में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं भी प्रतिभाग किया।

साईकिल रैली के समापन पर एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा सभी प्रतिभागियों व उपस्थित पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी गणों को नशे के प्रति जागरूकता हेतु ई प्रतिज्ञा दिलाकर ड्रग्स मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने को प्रेरित किया गया।

# साहित्य और संगीत पर अल्मोड़ा में अपनी तरह का पहला आयोजन है अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल (पुराना कलेक्ट्रेट) के प्रांगण में 30 जून से 02 जुलाई तक आयोजित होने अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल के प्रथम संस्करण की तैयारियां अपने चरम पर हैं। अल्मोड़ा लिटरेचर फ़ेस्टिवल के बारे में बताते हुए प्रेस वार्ता में ग्रीनहिल्स ट्रस्ट की डॉ वसुधा पंत ने बताया कि अल्मोड़ा लिटरेचर फ़ेस्टिवल का उद्देश्य वैश्विक साहित्यिक और संगीत परिदृश्य में उत्तराखंड के समृद्ध योगदान को प्रदर्शित करना है। लिटरेचर फेस्टिवल में सम्मानित लेखकों, पत्रकारों, संगीतकारों, इतिहासकारों और फोटोग्राफरों की एक प्रभावशाली श्रृंखला है। उत्सव के प्रत्येक दिन की शुरुआत शास्त्रीय संगीत के साथ होगी। कार्यक्रमचर्या पर उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के शुभारम्भ में पहले दिन पं. उदय भवालकर द्वारा ध्रुपद गायन, दूसरे दिन पद्मश्री बसंती बिष्ट के जागर गायन और तीसरे दिन डॉ. रवि जोशी द्वारा हिंदुस्तानी सगुण निर्गुण पद की गायन प्रस्तुति होगी। प्रत्येक दिन का समापन सम्राट पंडित द्वारा ठुमरी गायन से और समापन दिवस पर प्रसिद्ध कुमाऊँनी गायक बीके सामंत का रंगारंग कार्यक्रम होगा। हिमांशु बाजपेयी दास्तानगोई की प्राचीन कला के माध्यम से 1925 की काकोरी ट्रेन डकैती को जीवंत करेंगे। प्रतिष्ठित वक्ता और लेखक विचार रखेंगे। कविता, साहित्य, इतिहास, संस्कृति और रंगमंच जैसे विभिन्न विषयों पर आकर्षक चर्चाएं होंगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड और पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी उत्तराखंड की राजनीति पर अपने विचार रखेंगे। पाठकों और लेखकों के लिए, यह महोत्सव "सौ साल शिवानी के" सहित कई सत्र होंगे, जो विपुल महिला–केंद्रित 20वीं सदी की लेखिका शिवानी की जन्म शताब्दी पर आधारित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोग भारतीय काव्यशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य और उर्दू कविता पर चर्चा में भाग लेंगे। वहीं एक विशेष पुस्तक विमोचन में उत्तराखंड के एक उल्लेखनीय शिक्षक एवं लोक विज्ञानी चन्द्रशेखर लोहुमी के बारे में कहानियां प्रदर्शित की जाएंगी। अल्मोड़ा लिटरेचर फ़ेस्टिवल में बच्चों की कहानी लेखन क्षमता निखारने को कार्यशाला भी आयोजित होगी जिसमें उन्होंने बच्चों से भाग लेने की अपील की है। डॉ वसुधा पंत ने कहा साहित्य और संगीत पर तीन दिवसीय यह कार्यक्रम अल्मोड़ा नगर में अपनी तरह का यह अनूठा आयोजन है। इस महोत्सव का उद्देश्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विख्यात अल्मोड़ा के पूर्व गौरव को पुनर्जीवित करना है।

महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क है और सभी के लिए खुला है। मनोरम चर्चाओं और प्रदर्शनों में भाग लेने के अलावा, आगंतुक साइट पर किताबों की दुकान पर विविध प्रकार की पुस्तकों का पता लगा सकते हैं, एक फोटो प्रदर्शनी का आनंद ले सकते हैं, और कहानी लेखन कार्यशाला में भाग ले सकते हैं।

# पीसीपीएनडीटी की टीम ने किया अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति पीसीपीएनडीटी ने जनपद मुख्यालय में स्थापित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालन पाया गया।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं के नेतृत्व में जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति पीसीपीएनडीटी की छः सदस्यीय टीम द्वारा जिला चिकित्सालय, रूद्रप्रयाग, बोहर नर्सिंग होम व जन कल्याण हॉस्पिटल रूद्रप्रयाग में स्थापित अल्ट्रासाउंड केंद्रों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा सेंटर व चिकित्सक की वैधता, एएनसी रजिस्टर, फार्म-एफ विवरण की जांच की गई। साथ ही अल्ट्रासाउंड केंद्र में सीसीटीवी स्थापना, एक्टिव ट्रैकर की क्रियाशीलता आदि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि



निरीक्षण में सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र नियमानुसार संचालित पाए गए। एक अल्ट्रासाउंड केंद्र में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रिगनेंसी (एमटीपी) की शिकायत पर केंद्र के छः माह के अभिलेखों की जांच की गई, जिसमें नियमानुसार तीन एमटीपी पंजीकृत पाई गई। निरीक्षण दल ने सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक रेडियोलॉजिस्ट को नियमानुसार अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित करने की हिदायत दी गई है।निरीक्षण दल में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी गुलाब सिंह, डॉ. संजय राणा, श्रीमती सुमन जमलोकी, श्रीमती पार्वती गोस्वामी और जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी डॉ. मनवर सिंह रावत शामिल थे।

## चोरों ने घर का ताला तोड़ लाखों के जेवर और नगदी की चोरी

चमोली : चोरों ने पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर चार में एक मकान का ताला तोड़कर लगभग साढ़े तीन लाख के जेवर तथा नगदी उड़ा ली है।जानकारी के अनुसार पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर चार निवासी प्रशांत कनवासी के घर पर चोरों ने धावा बोला। वह स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं और वर्तमान में देहरादून में कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी वेटनरी विभाग में विकास खंड पोखरी के सरमोला में कार्यरत हैं। लेकिन वे भी इन दिनों व्यक्तिगत कार्यों से देहरादून गई हुई थी। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर जेवरों व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। इस बात का पता उन्हें तब चला जब वे देहरादून से गौचर लौटे घर के मुख्य गेट का ताला टूटा देखकर वे हक्के-बक्के रह गए। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल पुलिस चौकी को दी, सूचना पाते ही चौकी प्रभारी मानवेन्द्र गुसांईं ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामला पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

# जेजे मिशन योजना का काम रोकने से भड़के ग्रामीण

टिहरी : सिंजल गांव के ग्रामीणों ने जेजे मिशन के तहत गांव के लिये बिछाई जा रही पाइप लाइन का कार्य भाल गांव के ग्रामीणों की ओर से रोके जाने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने डीएम से योजना पर चल रहे विवाद को सुझलाने के साथ बंद पड़े कार्य को जल्द शुरू करवाने की मांग की है।

सोमवार को जौनपुर ब्लॉक के दुरस्त दशज्यूला पट्टी सिंजल गांव के ग्रामीण ग्राम प्रधान के नेतृत्व में डीएम दफ्तर में पहुंचे। ग्राम प्रधान कुसुम पलियाल ने बताया कि उनके गांव सिंजल में वर्तमान समय में जल संस्थान द्वारा जल जीवन मिशन योजना के तहत सारी नामे तोक गदेरे से पेयजल योजना का पुनर्गठन कर नई पाइप लाइन बिछाई जा रही थी, लेकिन ग्राम पंचायत भाल के ग्रामीणों ने पाइप लाइन बिछाने कार्य बंद करवा दिया। प्रधान ने बताया उक्त गदेरे में भरपूर मात्रा में पानी है। इससे पूर्व भाल के ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें समझाने का प्रयास किया गया,बावजूद उनके द्वारा योजना का कार्य बंद करवा दिया। जल संस्थान के कर्मचारियों द्वारा भी गेदरे का निरीक्षण भी किया गया। कहा कि बीते करीब 45 वर्षों से सारी नामे गदेरे से सिंजल गांव में पानी की आपूर्ति हो रही है, लेकिन भाल गांव के ग्रामीणों की ओर से अनावश्यक विवाद किया जा रहा है। उन्होंने डीएम से गांव के लिये जेजे मिशन के तहत कराये जा रहे कार्य को शीघ्र शुरू करवाने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को योजना का लाभ मिल सके। मांग करने वालों में पूर्व जिपंस गुलाब सिंह नेगी, खुशपाल सिंह, विरेन्द्र सिंह, दिनेश लाल, अतर सिंह, बुद्धि सिंह नेगी,रणवीर सिंह, खेम सिंह, महिपाल सिंह, जगवीर सिंह उदयवीर सिंह, जगवीर सिंह आदि शामिल थे। (एजेंसी)

## दुकान का तोड़ा ताला, 25 हजार नकदी सहित सामान चोरी

टिहरी : तीर्थनगरी देवप्रयाग में पुलिस थाना बैरक के सामने स्थित दुकान से चोर से जूते, घड़ी व कपड़े सहित नकदी पर हाथ साफ कर लिया। पीड़ित दुकानदार ने थाना देवप्रयाग में मामले में तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार शांतिबाजार स्थित कैन्तुरा गारमेंट की दुकान से चोर ने सामान सहित नगदी उड़ा ली। पीड़ित दुकानदार सोहन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि, चोर उनकी दुकान में शटर का ताला तोड़कर 25 हजार नगद व कपड़े आदि लेकर चंपत हो गया। बताया कि वह सुबह दुकान खोलने आए तो शटर का ताला टूटा मिला व चोरी का पता चला। घटना के बाद से पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगालने में लग गयी है। जिसमें चोर दुकान से नए कपड़े पहनकर निकलता दिख रहा है। चोर ने मास्क भी लगाया है।



# अधिकारियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने विकास भवन परिसर में सभी अधिकारियों को नशे से दूर रहने, नशीली दवाइयों के दुरुप्रयोग की रोकथाम में सहयोग करने, युवाओं को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक करने की शपथ दिलायी। सभी अधिकारियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और बोर्ड पर हस्ताक्षर किए।

## पेयजल लाइन की लीकेज व खुदी सड़क से बढ़ी परेशानी

देहरादून। नगर निगम वार्ड नम्बर 95 नत्थनपुर–दो की प्रतिमायन चौक कॉलोनी में पेयजल लाइन से लगातार हो रहे लीकेज के कारण व कॉलोनी में चल रही सीवर लाइन की खुदाई के चलते सड़कों का बुरा हाल है। कॉलोनी में लेन नम्बर एक, लेन नम्बर दो, लेन नम्बर पांच पर चार–पांच जगह पर पानी की लाइनें टूटी पड़ी है। जिससे वाहनों व पैदल आवाजाही करने वालों को परेशानी हो रही है।

स्था के मोड़ पर प्रतिमायन चौक कॉलोनी नत्थनपुर निवासी एनसी कुलाश्री ने बताया कि जल संस्थान व शहरी विकास एजेंसी द्वारा लापरवाही से किए जा रहे कार्यों के कारण बार बार लाइन टूट रही है। तीन–तीन बार पानी की लाइन बनाई जा चुकी है। मगर उसे ठीक से दबाया नहीं जा रहा, न ही खुदी हुई सड़क पर आरबीएम मेटेरियल डाला जा रहा।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने ली मादक पदार्थों का सेवन न करने की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन निरोध दिवस के मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मादक पदार्थों का सेवन न करने की शपथ ली व दूसरो को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित व जागरूक करने का संकल्प लिया। जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शपथ व ई-शपथ लेकर नशे से दूर सहकर स्वस्थ जीवन यापन की शपथ ली। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमल सिंह गुसाईं ने स्वास्थ्य कर्मियों को मादक पदार्थों के सेवन निषेध की शपथ दिलाए हुए कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति, उसके परिवार व समाज को नुकसान होता है। कहा कि लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाने व उन्हें नशे से



होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने के उद्देश्य से ही प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन निरोध दिवस मनाया जाता है। कहा कि मादक पदार्थों के दुरूप्रयोग की रोकथाम में सहयोग करने, किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार के हानिकारक अथवा अवैध पदार्थों का सेवन न करने, प्रत्येक व्यक्ति खासकर युवाओं को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करने से स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य पर होने वाले बुरे प्रभावों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में ऐपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब हुसैन, डॉ. मनदीप कौर, डीसी आईईसी हरेंद्र सिंह नेगी, काउंसलर आरकेएसके विपिन सेमवाल, डीसी पीसीपीएनडीटी डॉ. मनवर सिंह रावत, डीसी सीपीएचसी विजय रावत, फील्ड सुपरवाइजर प्रतिरक्षण उमेश जगवाण, रणजीत, जसपाल आदि मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ जन–जागरूकता पर जोर

उत्तरकाशी : जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के अंर्तगत जिले भर में नशा मुक्त पखवाड़ा का आयोजन कर आम लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही भी की गई है। सोमवार को जिले भर में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया गया।

जिला ऑडिटोरियम कायालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश चौहान एवं जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी नशे की ओर भाग रही है। जिससे हमारे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। डीएम रुहेला ने कहा कि पुलिस के साथ अन्य सामाजिक संस्थानों के लोगों को भी नशा कर रहें लोगों की काउंसलिंग कर उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से बाहर लाने में मदद करने की जरूरत है। इस दौरान सीओ अनुज कुमार ने बताया कि नशा मुक्त पखवाड़े के तहत पुलिस विभाग द्वारा जनपद मुख्यालय में नशीले पदार्थों के सेवन करने वाले चार सौ से अधिक युवाओं को चिन्हित किया है। इसके अतिरिक्त चरस के 9 केस दर्ज हुए जिसमें 13 की गिरफ्तारी की गई। स्मैक के 11 केस पंजीकृत हुए जिसमें 14 की गिरफ्तारी हुई। इसी तरह अफीम का एक केस व दो की गिरफ्तारी व कच्ची शराब के 27 के सापेक्ष 31 अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है अफीम, भांग की करीब 400 नाली (09 हेक्टेयर) भूमि पर विनष्टीकरण की करवाई की गई और 22 भू स्वामियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह राणा,कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत, शैलेन्द्र मटूड़ा, रमेश चौहान थे। (एजेंसी)

## तहसील दिवस का रोस्टर जारी

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने तहसील दिवस हेतु रोस्टर जारी किया है। उन्होंने आगामी तीन माह हेतु आयोजित होने वाले तहसील दिवसों में जनपद स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं ताकि दर्ज की जाने वाली शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जा सके। माह जुलाई, अगस्त व सितंबर, 2023 हेतु निर्धारित तहसील दिवस कार्यक्रम के अनुसार 04 जुलाई को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील रुद्रप्रयाग में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 18 जुलाई को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जखोली में तहसील दिवस का आयोजन होगा। 01 अगस्त को तहसील बसुकेदार में अपर जिलाधिकारी तथा 22 अगस्त को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ऊखीमठ में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 05 सितंबर को रुद्रप्रयाग में जबकि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 सितंबर को तहसील जखोली में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्धारित तिथि के अनुसार आयोजित होने वाले तहसील दिवस हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# बरसात शुरू, अभी तक नहीं हो पाई स्क्रबर और नालियों की सफाई

चमोली : बरसात शुरू हो गई है, लेकिन नगर के हाईवे और अन्य सड़कों पर बंद पड़े स्क्रबर और नालियों की सफाई नहीं हो पाई है। ऐसे में बरसात में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि पालिका प्रशासन और पालिका अध्यक्ष का कहना है कि संबधित अधिकारियों को स्क्रबर खोलने के लिए पत्र भेजे जा चुके हैं।

नगर के नैनीताल हाईवे पर बहुमंजिला पार्किंग के पास दो स्क्रबर लंबे समय से बंद हैं। यही नहीं स्क्रबर पर पत्थर और मलबा भरा हुआ है। इसके बाद भी यह स्क्रबर नहीं खोला जा रहा है। जिसके चलते अपर बाजार, मस्जिद मोहल्ले से आने वाले गदेरे का पानी सीधे बाजार की ओर आ रहा है। यही नहीं नगर के अपर बाजार, बदरीनाथ हाईवे सहित कई जगह नाली और स्क्रबरों के बंद होने की शिकायत है। लोगों का कहना है कि ऐसे में जंगलों और मोहल्लों से आने वाला पानी सीधे बाजार की ओर आता है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी का कहना है कि बंद स्क्रबरों को खोलने के लिए लोनिवि, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड और प्रशासन को भी पत्र भेजकर जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई है। नगर क्षेत्र में आबादी में सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर पालिका प्रशासन की कोई नीति नहीं है। ऐसे में कई जगह रास्तों पर अतिक्रमण, रास्ते और नालियों को बंद करने से लोगों को परेशानी हो रही है। कई जगह नालियों और रास्तों को लेकर विवाद चल रहे हैं। लेकिन पालिका केवल टैक्स वसूलने पर सिमटी है। लोगों ने पालिका से स्पष्ट नीति बनाकर सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है।

## अतिथि शिक्षक बोले, बीआरपी–सीआरपी में करें समायोजन

देहरादून। उनका धरना आज भी जारी रहा। अतिथि शिक्षकों ने दो टूक कहा है कि जब सेवा से हटाए गए अतिथि शिक्षकों का समायोजन को आदेश नहीं होता, तब तक निदेशालय पर धरना–प्रदर्शन जारी रहेगा। अतिथि शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश धामी ने कहा कि सात दिन से अतिथि शिक्षक धरना–प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तक किसी ने सुध नहीं ली। वर्षों से शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों के सुरक्षित भविष्य के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई जा रही है। यह दुखद स्थिति है।

विवेक कोठियाल ने कहा कि नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की वजह से हटाए जाने वाले अतिथि शिक्षकों का बीआरपी,सीआरपी, जूनियर हाईस्कूल और समग्र शिक्षा के अधीन संचालित स्कूलों में समायोजन किया जाना चाहिए।

आज प्रदर्शन में प्रणव रावत, प्रियंका खर्कवाल,जितेंद्र सिंह बिष्ट,दीपक सिंह बिष्ट,केदार धामी,विपिन सकलानी, जीवन,नरेश,प्रकाश नेगी,राजकुमार,देवेंद्र भारती,प्रमोद बुटोला,सुशील नेगी,मनोज सिंह,राजेन्द्र प्रसाद,मंगली राम रुड़ियाल आदि शामिल रहे।

# लोग गो वंश के संरक्षण के लिए आगे आए : गोपालमणी

टिहरी : धेनु मानस गो कथा का प्रवचन करते हुये गोपाल मणि महाराज ने देश के लोगों से गो वंश के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना है। लोग इस मुहिम में बढ़चढ़ कर उनका साथ दें।

राजकीय इंटर कॉलेज हिंडोलाखाल के परिसर में गोपाल मणी और सीताशरण महाराज द्वारा पांच दिवसीय धेनु मानस गो कथा का आयोजन चल रहा है। कथा प्रचवन करते हुये गोपाल मणी महाराज ने कहा कि मनुष्य के हर कष्ट हरने वाली गो माता आज स्वयं कष्ट में है, देवभूमि उत्तराखण्ड में ही गो वंश की दुर्दशा हो रही है। सीताशरण महाराज ने कहा कि प्राचीन काल में देवताओं के साथ ऋषि भी गो की भक्ति करते रहे हैं। गो का दान भारतीय संस्कृति में कन्या दान के समान माना जाता रहा है। गो भक्त आशीष पंवार द्वारा अपनी डांडा स्थित भूमि को गोशाला के लिये दान दी गई। गो कथा श्रवण हेतु हिंडोलाखाल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी, पूर्व काबिना मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने भी गो कथा में प्रतिभाग किया। गो क्रांति मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष देशवाल, पूर्व प्रमुख जयपाल पंवार, जिपंस देवेंद्र भट्ट, उत्तम सिंह असवाल, जगदम्बा भट्ट, शारदा पंवार, कौसा भट्ट, डॉ. जेपी उनियाल, डॉ. यशपाल पंवार, अंकित सिंह, मकान सिंह चौहान, शीला कठैत, शकुंतला भट्ट, वीरेंद्र राणा, रघुवीर चौहान, शशि प्रकाश आदि ने गो कथा श्रवण कर गद्दी से आशीर्वाद लिया। (एजेंसी)

## जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर 30 को

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : नारायणबगड तहसील के स्थान मींग में शुक्रवार 30 जून 2023 को जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में आम जनमानस को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिए जाने के साथ ही चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

## भाजपा की उपलब्धि घोटाला रहित सरकारें

देहरादून। केन्द्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा महा जन सम्पर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजपुर रोड विधायक खजानदास ने कहा कि भाजपा के केन्द्र में 9 साल एवं प्रदेश में 6 साल के कार्यकाल में एक भी घोटाला नहीं हुआ है, यह मोदी सरकार की उपलब्धि है। जहां एक ओर देश समग्र विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए, वहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ा है। सुभाष रोड स्थित श्री निवास वैडिंग प्वांइट खजानदास ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनमानस अनेकों दृष्टिकोण से लाभान्वित हुआ है। उत्तराखंड में ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन, चारों धामों को जोड़ने के लिए ऑलवेदर रोड, पर्यटन को बढ़ावा, केदारनाथ धाम में पुर्ननिर्माण जैसी अनेक उपलब्धियां हैं। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देहरादून ग्रामीण प्रभारी विनय रोहिला, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, करनपुर मण्डल अध्यक्ष राहुल लारा, अम्बेडकर मण्डल अध्यक्ष पंकज शर्मा, अभिषेक नौडियाल, वैभव अग्रवाल, शुभम शर्मा, अवधेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ कमठान की अध्यक्षता में हुआ ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 68 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर निस्ताराण किया गया तथा शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों/अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।



आज प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद , अतिक्रमण, सीवर ,जलभराव , रास्ते पर अतिक्रमण , पीएमजीएसवाई की सड़क खोले जाने आदि शिकायते प्राप्त हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें साथ ही कहा कि एकबार जो शिकायत जनसुनवाई में प्राप्त हुई है वह दोबारा जनसुनवाई में न आए उससे पहले ही शिकायत का निस्तारण कर लिया जाए।कहा कि जिन शिकायतों पर मौकामुआवना एवं जांच होनी है तथा समय लग रहा है से भी सम्बधित शिकायतकर्ता को सूचित कर दिया जाए।


उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

निविदा सूचना

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू०) |
|---|---|---|---|
| 04/2023-24 | रू0 100/- | | 5000.00 |

दिनांक : 26.06.2023

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0406)

सम्पादकीय

# चुनौतियों से लड़ने में सक्षम उत्तराखंड

उत्तराखंड राज्य भले ही कहने को छोटा है लेकिन यहां की भौगोलिक परिस्थितियां किसी भी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है। देवभूमि के नाम से पुकारे जाने वाले उत्तराखंड में तमाम धार्मिक आयोजन हमेशा से ही राज्य सरकार के लिए चुनौती साबित हुए हैं फिर चाहे वह राज्य गठन से पहले की सरकारें ही क्यों ना हो। हालांकि राज्य बनने के बाद चार धाम यात्रा का आयोजन हो या फिर कावड़ यात्रा, यहां की सभी सरकारों को आयोजन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है। स्थिति तब और विकट हो जाती है जब यात्रा के आयोजन के साथ प्राकृतिक आपदाएं सर उठाए खड़ी हो जाती हैं। वर्तमान में भी चार धाम यात्रा पर वर्षा का असर पड़ चुका है। एक तरफ चार धाम यात्रा का आयोजन है तो वही अगले महीने से कावड़ यात्रा भी शुरू होने वाली है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कावड़ यात्रा के सफल एवं सुरक्षित आयोजन के लिए पूरे सरकारी तंत्र को कमर कसने के लिए कहा है तो वहीं यह भी संभावना जताई गई है कि पिछले वर्ष 4 करोड कांवड़ियों की संख्या की अपेक्षा इस बार यह संख्या कहीं अधिक होगी। स्पष्ट है कि चार धाम यात्रा और दूसरे पर्यटक स्थलों पर जूझ रही उत्तराखंड पुलिस के लिए कावड़ यात्रा भी खासी मेहनत कराने वाली है। हालांकि गत वर्ष की कावड़ यात्रा के दौरान राज्य पुलिस के साथ–साथ अर्धसैनिक बलों की भी मदद ली जाती रही है जिससे कि आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित किया जा सके। किसी भी राज्य के लिए चार धाम यात्रा जैसा आयोजन एवं इसी के साथ साथ पर्यटन सीजन एवं कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न करना अग्नि परीक्षा के समान है। उत्तराखंड में इसे सभी राज्य सरकारों की उपलब्धि ही कहा जाएगा कि इन सभी आयोजनों को बेहद कुशलता के साथ संपन्न कराना बेहद ही जटिल था, बावजूद इसे परिणाम तक पहुंचाया जाता रहा है। उत्तराखंड के यह धार्मिक पर्व आर्थिक एवं सामाजिक तौर से भी खासे महत्वपूर्ण है, क्योंकि जहां एक तरफ चार धाम यात्रा पहाड़ों में रहने वाले लोगों की आजीविका को सीधे प्रभावित करता है वही सामाजिक तौर पर लोगों में आपसी प्रेम एवं सौहार्द की बुनियाद को भी मजबूत करता है। इस सबके बीच उत्तराखंड राज्य के लोगों की भी यह अहम जिम्मेदारी बन जाती है कि वह इस प्रकार के आयोजनों में ना केवल स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें बल्कि बाहर से आने वाले यात्रियों के साथ भी विनम्रता एवं मित्रता पूर्ण व्यवहार को अमल में लाएं। श्रद्धालुओं के साथ की जाने वाली मारपीट एवं अभद्रता से राज्य की छवि पर प्रभाव पड़ता है जो आने वाले समय में पर्यटन की दृष्टि से भी अच्छा नहीं माना जा सकता। वही पर्यटक को एवं श्रद्धालुओं को भी देवभूमि उत्तराखंड की गरिमा के अनुरूप आचरण करना चाहिए एवं ऐसी किसी भी गतिविधि में संलिप्त नहीं होना चाहिए जो देवभूमि के मर्यादाओं को खंडित करती हो।

# पर्यावरण को लेकर सजगता

**पंकज चतुर्वेदी**

यह प्रक्रिया उस इलाके के भूजल के संतुलन को बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाती है। हो सकता है कि प्राचीन परंपरा में शिवलिंग पर जल चढ़ाने का असली मकसद इसी तरह भविष्य के प्रकृति–प्रकोप के हालात में जल को सहेज कर रखना हुआ करता हो। उस काल में मंदिरों में नाली तो होती नहीं थी, यह एक सहज प्रयोग है और बहुत कम व्यय में शुरू किया जा सकता है। यदि दस हजार मंदिर इसे अपनाते हैं, और हर मंदिर में औसतन एक हजार लीटर पानी प्रति दिन शिवलिंग पर आता है, तो गणित लगा लें हर महीने कितने अधिक जल से धरती तर रहेगी।

जयपुर के इस शिवमंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां शिवजी की प्रतिमा भूमि के भीतर से अवतरित हुई है। चौड़ा रास्ता स्थित इस मंदिर का निर्माण 1784ईस्वीं में किया गया था। मुख्य शिवलिंग काले पत्थर का बना है। इसका व्यास 9 इंच है। इस मंदिर से पाराशर व्यास परिवार का संबंध है, और नित्य पूजा–अर्चना इसी परिवार द्वारा की जाती है।

मंदिर का फर्श संगमरमर का है। चौक के पास ही जगमोहन सभा हॉल है। इस हॉल में चार विशाल घंटे हैं, जिनमें प्रत्येक का वजन 125 किग्रा. है। यहां एक पीतल का नंदी बैल है, और गणेशजी की भी प्रतिमा है, जिनकी सूंड बाई ओर है। शायद इसी मंदिर से प्रेरणा पा कर जयपुर के ही ज्योतिषी और सामाजिक कार्यकर्ता पंडित पुरुषोत्तम गौड़ ने पिछले दो दशकों में राजस्थान के करीब 300 मंदिरों में जल संरक्षण ढांचे का विकास किया है। समाज सेवा और ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने के लिए गौड़ को महाराणा मेवाड़ अवार्ड समेत कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। गौड़ ने बताया कि 2000 में उन्होंने अपना जलाभिषेक अभियान शुरू किया। वे मंदिरों में 30 फुट गहरा गड्ढा बनवाते हैं, और शिवलिग से आने वाले पानी को रेत के फिल्टरों से गुजार कर जमीन में उतारते हैं। इसके अलावा, प्रतिमाओं पर चढ़ाए जाने वाले दूध को जमा करने के लिए पांच फुट के गड्ढे की अलग से जरूरत पड़ी। हिसाब लगाया गया था कि शहर में 300 से ज्यादा मंदिर हैं, जहां श्रावण महीने में रोजाना कम से कम चार करोड़ 50 लाख लीटर जल भगवान शिव और अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमाओं पर अर्पित किया जाता है। इससे जल संरक्षण तो हुआ ही मंदिरों के आसपास रहने वाली कीचड़, गंदगी से भी छुटकारा मिला।

ठीक ऐसा ही प्रयोग लखनऊ के सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भी किया गया। यहां भगवान शंकर के जलाभिषेक के बाद जल नालियों की बजाय सीधे जमीन के अंदर जाता है। कोई 160 साल पुराने इस मंदिर का 2014 में जीर्णोद्धार किया गया। बारह ज्योतिर्लिंग की स्थापना उनके मूल स्वरूप के अनुसार की गई है। यहां करीब



40 फीट गहरे सोख्ते में सिर्फ अभिषेक का जल जाता है जबकि दूध और पूजन सामग्री का अलग इस्तेमाल किया जाता है। बेलपत्र और फूलों को एकत्रित कर खाद बनाई जाती है। चढ़ाए गए दूध से बनी खीर का वितरण प्रसाद के रूप में होता है।

यहीं मनकामेश्वर मंदिर में भी सोख्ते का निर्माण किया गया है। यहां चढ़े फूलों से अगरबत्ती बनाई जाती है। वहीं बेलपत्र और अन्य पूजन सामग्री को खाद बनाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। बड़ा शिवाला और छोटा शिवाला में चढने़ वाले दूध की बनी खीर भक्तों में वितरित की जाती है, और जल को भूमिगत किया जाता है। मध्य प्रदेश के शाजापुर जिला मुख्यालय पर स्थित प्रसिद्ध मां राजराजेश्वरी मंदिर में चढने़ वाले फूल अब व्यर्थ नहीं जाते। इनसे जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए केंचुए लाए गए हैं। इस खाद को पास के गांव वाले श्रद्धा से ले जा रहे हैं, और अपने खेतों में इस आस्था के साथ इस्तेमाल कर रहे हैं कि देवी कृपा से उनकी फसल अच्छी रहेगी। यहां पर खाद बनाने के लिए मंदिर प्रांगण में चारचक्रीय वर्मी कंपोस्ट यूनिट का शेड सहित निर्माण किया गया है। मंदिर में नित आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा फूल और मालाएं चढ़ाई जाती हैं।

पहले उन फूल और मालाओं को नदी में फेंका जाता था जिससे नदी भी दूषित होती थी। मंदिर प्रांगण में वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के लिए 12 फीट लंबाई 12 फीट चौड़ाई और 2.5 फीट गहरे चार टांके बनाए गए हैं, जिनके बीच जालीनुमा दीवार बनाई गई है। इनके ऊपर छाया के लिए टीन शेड भी बनाए गए हैं। सबसे पहले प्रथम टांके में मंदिर में इकट्ठा होने वाले फूलों आदि का कचरा एकत्रित किया गया जिसे एक माह सडने़ देने के बाद उसमें केंचुए डाले गए। यह प्रक्रिया तीसरे एवं चौथे टांके के लिए भी अपनाई गई। इस चक्रीय पद्धति में चौथे महीने से बारहवें महीने तक हर महीने लगभग 500 किलो खाद मिलना प्रारंभ हो गई। इस प्रकार 8 महीनों में 4000 किलो जैविक खाद तैयार हो रही है। इस प्रकार रोज एकत्रित होने वाले फूल और मालाओं के कचरे से जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया सतत चलती रहेगी। तैयार होने वाली इस खाद में पोषक तत्वों और कार्बनिक पदाथरे के अलावा मिट्टी को उर्वरित करने वाले सूक्ष्म जीवाणु भी बहुतायत में होते हैं। यह खाद डालने से मिट्टी में समस्त प्रकार के पोषक तत्वों की मात्रा और उपलब्धता बढ़ती है, और मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति भी बढ़ती है जिससे फसलों एवं पौधों का सर्वागीण विकास होकर उत्पादित फसल स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होती है।

मंदिर में चढ़ाए गए फूलों को खाद में बदलने का काम दिल्ली के मशहूर झंडेवालान मंदिर में भी हो रहा है। देवास, ग्वालियर और रांची के पहाड़ी मंदिरों सहित कई स्थानों पर चढ़ावे के फूल–पत्ती को कंपोस्ट में बदला जा रहा है। जरूरत है कि मंदिरों में पॉलीथीन थैलियों के इस्तेमाल, प्रसाद की बर्बादी पर भी रोक लगे। शिवलिंग पर दूध चढ़ाने के बनिस्बत उसेअलग से एकत्र कर जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। जानना जरूरी है कि भगवान को पुष्प या बेल पत्र चढ़ाने से भगवान के प्रसन्न होने की परंपरा असल में आम लोगों को अपने घर में हरियाली लगाने को प्रेरित करने का प्रयास था। विडंबना है कि अब लोग या तो बाजार से फूल खरीदते हैं, या दूसरों की क्यारियों से उठा लेते हैं। काश! हर मंदिर यह अनिवार्य करे कि केवल स्वयं के बगीचे या गमले में लगाए गए फूल ही भगवान पर चढ़ाए जा सकेंगे। ऐसा होता तो हर घर में हरियाली का प्रसार सहजता से हो जाएगा।

**मंदिर में चढ़ाए गए फूलों को खाद में बदलने का काम दिल्ली के मशहूर झंडेवालान मंदिर में भी हो रहा है। देवास, ग्वालियर और रांची के पहाड़ी मंदिरों सहित कई स्थानों पर चढ़ावे के फूल–पत्ती को कंपोस्ट में बदला जा रहा है। जरूरत है कि मंदिरों में पॉलीथीन थैलियों के इस्तेमाल, प्रसाद की बर्बादी पर भी रोक लगे। शिवलिंग पर दूध चढ़ाने के बनिस्बत उसेअलग से एकत्र कर जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। जानना जरूरी है कि भगवान को पुष्प या बेल पत्र चढ़ाने से भगवान के प्रसन्न होने की परंपरा असल में आम लोगों को अपने घर में हरियाली लगाने को प्रेरित करने का प्रयास था। विडंबना है कि अब लोग या तो बाजार से फूल खरीदते हैं, या दूसरों की क्यारियों से उठा लेते हैं।**

# वोट की लूट रुके

राज्य में तीनस्तरीय पंचायत व्यवस्था के करीब 75,000 पदों के लिए एक ही दिन में चुनाव कराने की राज्य सरकार की हड़बड़ी भरी घोषणा के बाद से मंगलवार 20 जून को नाम वापस लेने की आखिरी तारीख तक ही चुनाव से जुड़ी हिंसा में 9 जानें जा चुकी थीं।

बंगाल में वाम मोर्चा के शासन में जब पंचायती राज व्यवस्था के जरिए जमीनी स्तर पर प्रशासन के जनतांत्रीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी, तब से ही इन चुनावों के साथ हिंसा भी लगी रही थी। लेकिन उस दौर में पंचायत चुनाव चूंकि ग्रामीण बंगाल में, सत्ता संतुलन वंचितों–गरीबों के पक्ष में बदलने का प्रतिनिधित्व करते थे, उनमें ज्यादा हिंसा परंपरागत रूप से ग्रामीण क्षेत्र में हावी ताकतों द्वारा की जाती थी। इसका नतीजा था कि सत्ताधारी होते हुए भी वाम मोर्चा को ही इस हिंसा की ज्यादा मार झेलनी पड़ती थी।

बहरहाल, 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से सत्ता के संरक्षण में हिंसा को ग्रामीण निकायों पर कब्जा करने का प्रमुख हथियार बना लिया गया है। वास्तव में पिछले पंचायत चुनाव में तो राज्य की सत्ताधारी पार्टी की ओर से इतने बड़े पैमाने पर वोट की लूट की गई थी कि उस पर जनता की नाराजगी का 2019 के आम चुनाव में भाजपा को खासा लाभ भी मिला था।

इसलिए, हैरानी नहीं है कि चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही विपक्षी पार्टियों ने हाई कोर्ट से प्रार्थना की थी कि चुनाव में केंद्रीय बलों की भी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। हाई कोर्ट ने इसका आदेश भी दे दिया लेकिन राज्य सरकार ने चुनौती दे डाली। इसके बाद ही सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप की नौबत आई। उसने जनतांत्रिक तरीके से चुनाव सुनिश्चित करने की खातिर केंद्रीय बलों की मदद लेने का निर्देश दिया है। इसके बावजूद, मानकर नहीं चला जा सकता कि अब जनतांत्रिक तरीके से चुनाव हो जाएगा। राज्य चुनाव आयोग ने राज्य के कुल 22 जिलों में केंद्रीय बलों की एक–एक कंपनी यानी लगभग सौ–सौ जवान बुलाने के अपने फैसले से साफ कर दिया है कि केंद्रीय बलों की भूमिका सीमित ही रहेगी। फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बार पंचायत चुनावों में हिंसा के जरिए वोट की लूट पर कुछ अंकुश लगेगा।

# वैश्विकी : रूस में सैन्य बगावत

**डॉ. दिलीप चौबे**



कुछ दिन पहले तक यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मोर्चा संभाले वैगनर सैन्य गुट ने क्रेमलिन के खिलाफ ही एक भयावह चुनौती पेश कर दी है। वैगनर ग्रुप का सरगना येवगेनी, जो वास्तव में एक कारोबारी है, लेकिन उसने लड़ाकू टुकडियों के जरिए सैन्य कार्रवाइयों में महारत हासिल की है। वैगनर ग्रुप सेना की देख–रेख में देश की तरफ से ही सैन्य कार्रवाइयां करता है। शायद इसीलिए अमेरिका और पश्चिमी देशों की मीडिया में वैगनर को रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन की निजी सेना कहा जाता है।

लेकिन वास्तव में येवगेनी एक महत्त्वाकांक्षी और बड़बोला नेता है, जो पिछले कुछ समय से रूस के रक्षा मंत्री और सैनिक नेतृत्व को अपनी आलोचना का शिकार बनाता रहा है। पुतिन और रूस के अन्य नेताओं ने येवगेनी की गतिविधियों को लंबे समय तक नजरअंदाज किया। इसका कारण यह था कि युद्ध के मोर्चे बाखमत में वैगनर ने यूक्रेन के खिलाफ महत्त्वपूर्ण सफलता हासिल की थी। बाद में यह ग्रुप युद्ध के मोर्चे से हट गया था और रूसी सेना ने अधिकृत क्षेत्र में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली थी। इस बीच, यूक्रेन ने बहुप्रतीक्षित जवाबी हमला शुरू किया था। अमेरिका और नाटो देशों के अत्याधुनिक हथियारों के बावजूद यूक्रेन की सेना रूस की सुरक्षा पंक्तियों को भेदने में सफल नहीं हुई थी। राष्ट्रपति पुतिन के लिए यह राहत की बात थी। लेकिन येवगेनी की बगावत के बाद रूस के लिए आज एक दोहरा संकट पैदा हो गया है। एक ओर उसे अमेरिका और नाटो देशों से लोहा लेना है, वहीं घरेलू मोर्चे पर वैगनर लड़ाकुओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निष्क्रिय करना है। संकट की गंभीरता को भांपते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने देश को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने रूस को बचाने के लिए राष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया। पुतिन ने देशवासियों को वर्ष 1917 के घटनाक्रम की याद दिलाई जब प्रथम विश्व युद्ध के दौरान बोल्शेविक और मेनशेविक समूहों के बीच गृह युद्ध छिड़ गया था। इस घटना के उल्लेख के जरिए पुतिन का साफ संदेश है कि पुराने घटनाक्रम की पुनरावृत्ति को देशवासी नहीं स्वीकार कर सकते। उन्होंने येवगेनी पर विसघात का आरोप लगाया तथा रूसी सेना को उसकी बगावत को कुचलने के लिए निर्देश जारी किया। फिलहाल वैगनर लड़ाकू रूस के दक्षिणी क्षेत्र रोस्टोव में जमा हैं तथा मास्को की ओर बढने़ की कोशिश में हैं।

हालांकि वहां से मास्को सैकड़ों मील दूर है तथा वहां तक कोई वैगनर लड़ाकू पहुंच पाएगा, यह असंभव है। रूस की सेना और समाज संकट की इस घड़ी में यदि एकता का प्रदर्शन करता है तो यह बगावत कुछ ही दिनों में दम तोड़ देगी। लेकिन सबसे खतरनाक हालात तब पैदा हो सकते हैं, यदि अमेरिका और नाटो देश वैगनर लड़ाकुओं को सैन्य समर्थन मुहैया कराएं। इसी खतरे को देखते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने बेलारूस, उज्बेकिस्तान और कजाकिस्तान के नेताओं से बात की है।

दुनिया के लिए चिंता की बात यह है कि यूक्रेन संघर्ष के बाद अब मध्य एशिया के भी अस्थिर हो जाने का खतरा है। ये हालात भारत सहित आसपास के सभी देशों के लिए चुनौती बन सकते हैं। इसलिए कि इस बगावत से जाने–अनजाने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल होने का खतरा फिर से मंडराने लगा है। इसके पहले भी रूस के रक्षा विशेषज्ञों का एक तबका यूक्रेन संघर्ष को लंबा खींचने के बाद परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की वकालत करता रहा है। इसमें राहत की बात यही है कि यह तबका अल्पमत में है और राष्ट्रपति पुतिन एवं सैन्य नेतृत्व भी इस विकल्प के पक्ष में नहीं हैं। ऐसे में बहुत कुछ इस बात पर निर्भर है कि अमेरिका और नाटो देश क्या रवैया अपनाते हैं। अमेरिका की मंशा यदि यह है कि रूस की सेना की कमर तोड़ी जाए तो यह परमाणु युद्ध को न्योता देने जैसा होगा।

दुनिया इसके पहले परमाणु युद्ध की आशंका के इतने नजदीक कभी नहीं पहुंची थी। अमेरिका की सफल यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'भरोसेमंद और मित्र देशइ के राष्ट्रपति पुतिन को संकट की इस घड़ी में क्या सुझाव देते हैं, इसकी प्रतीक्षा रहेगी। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि रूस की नजरों में प्रधानमंत्री मोदी की विसनीयता अब घट गई है।

# भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती का नया अध्याय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच अंतरिक्ष से लेकर सरजमीं और सागर तक हुए समझौतों पर गौर करें तो यही कहा जा सकता है। अमेरिका ने भारत के आग्रहों को जिस तरह हाथों हाथ लिया, उनसे यही लगता है कि बाइडेन की पूरी कोशिश मोदी की यात्रा को हर हाल में सारवान बनाने की थी। मोदी का यह कहना लाजिमी था कि इससे 'वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में एक नया अध्याय शुरूइ हो गया है। सच में यह एक ऐतिहासिक प्रस्थान बिंदु है।

अमेरिका का उन्नत जेट इंजन के भारत में निर्माण, ड्रोन, सेमीकंडक्टर का भारत में बेस बनाने, इसको बनाने वाली मशीन का निर्माण भारत में करने वाली कंपनी के करोड़ों–अरबों के निवेश पर समझौते को देखें तो तकनीक का ऐसा हस्तांतरण पहले कभी नहीं हुआ था। इसका मतलब है कि अमेरिका भारत को भविष्य की तकनीकों से लैस करना चाहता है। वह न केवल हथियार बेच कर रूस की पहली जगह लेना चाहता है बल्कि बीजिंग को रोकने के लिए नई दिल्ली की ताकत में भी इजाफा करना चाहता है।

यह समझौता इस ओर भी संकेत करता है कि अमेरिका अपनी कंपनियों को चीन से वापस बुलाए बिना ही भारत को वस्तुओं की आपूर्ति का वैसा ही एक संगठित बेस बनाना चाहता है। इसका फायदा भारत को रोजगारपरक अर्थव्यवस्था बनने में मिलेगा। देखा जाए तो मोदी के नेतृत्व में भारत की तरफ से अमेरिका के प्रति गर्मजोशी दिखी है। तो क्या भारत अपनी स्वायत्त स्थिति से कोई समझौता कर लिया है? ऐसा होता नहीं लगता।

तय पटकथा के अनुरूप चीजें अपने पक्ष में करते हुए भी मोदी ने अमेरिकी चाह के अनुरूप न तो रूस की आलोचना की है और न ही चीन से दो–दो हाथ करने वाला वक्तव्य ही दिया है। इतना ही नहीं, असहमति को कुचलने, अल्पसंख्यकों के प्रति हिंसा रोकने और उनकी सुरक्षा में कोताही के आरोपों पर भी बाइडेन ने ध्यान नहीं दिया है। मोदी के इस जवाब पर संतोष कर वे आगे बढ़ गए हैं कि 'लोकतंत्र भारत के डीएनए में हैइ, तो इसकी एक वजह भविष्य के लिए भारत पर लगाया गया दांव है। देखना होगा कि मोदी का भारत विदेश नीति में स्वायत्तता बनाए रखने के रास्ते पर किस हद तक और कैसे बढ़ पाता है। फिलहाल, वह अमेरिका का रणनीतिक साझेदार–दोस्त बन गया है।

# क्या आप भी कर रहे किसी और के इयरफोन का इस्तेमाल...

आज के इस दौर में हम सब इयरफोन के इतने आदी हो चुके हैं कि अगर हम अपना इयरफोन कहीं भूल जाते हैं तो किसी और का इस्तेमाल करने लगते हैं. ऐसा करना आपके लिए घातक साबित हो सकता है. जी हां, दूसरे का इयरफोन इस्तेमाल करने से आप बेहरेपन के शिकार हो सकते हैं. तो अगर आप भी ऐसा कुछ कर रहें हैं तो सावधान हो जाइए. इयरफोन को लेकर डब्ल्यूएचओ ने दावा किया है कि इयरफोन के ज्यादा इस्तेमाल के कारण दुनिया भर में लगभग 100 करोड़ युवाओं की सुनने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है. इसके साथ ही स्टडी में बताया गया है कि अगर कोई भी इंसान दो घंटे से ज्यादा और 90 डेसिबल से अधिक इयरफोन में तेज आवाज में गाना सुनता है तो उसे सुनने में दिक्कत हो सकती है. सिर्फ इतना ही नहीं इयरफोन के ज्यादा इस्तेमाल से आपको दिल की बीमारियां भी हो सकती है और दिमाग पर इसका नेगेटिव असर पड़ सकता है. ऑनलाइन जर्नल ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि इयरफोन का बराबर इस्तेमाल करना कान में बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ा सकता है. कान में मौजूद मैल सिर्फ चिपचिपा नहीं होता बल्कि उसमें अत्यधिक बैक्टीरिया भी पाया जाता है. ओआरएल हेड नेक नर्सिंग के एक अध्ययन ने ये साबित भी कर दिया कि अगर आपने किसी के साथ इयरफोन शेयर कर लिया तो इन्फेक्शन का खतरा बढ़ सकता है

# क्या आपके घुटने जवानी में ही देने लगे हैं जवाब, दिनचर्या में शामिल करें ये योग

पहले के समय में घुटनों के दर्द की समस्या को उम्र से जोड़कर देखा जाता था। उम्र बढने़ के साथ जोड़ों और घुटनों का दर्द होना आम बात हैं। लेकिन आजकल यह समस्या जवानी में भी देखने को मिल रही हैं। जी हाँ, वर्तमान में कई युवा 30 की उम्र पार करते ही अर्थराइटिस या गठिया का शिकार हो जाते हैं। शुरुआत में ही इस पर ध्यान न दिया जाए तो आपका शरीर आने वाले समय में दूसरों के सहारे रहने पर मजबूर कर देगा। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे योगासन के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें दिनचर्या में शामिल करते हुए घुटनों को मजबूती प्रदान करने की जरूरत हैं। योग करने से पैरों का रक्त संचार बेहतर होता है और घुटनों के दर्द से राहत मिलती है। रोजाना योग करें ताकि घुटने मजबूत हों और पैरों में होने वाले असंतुलन को कम किया जा सके।



आइये जानते हैं इन योगासन के बारे में...

**वीरासन** घुटनों के दर्द के लिए योग में शामिल पहला नाम वीरासन का है। यह योग शरीर और मन दोनों को शक्ति दे सकता है। इसके लिए सबसे पहले समतल जमीन पर योग मैट बिछा लें। अब योग मैट पर आप घुटनों के बल बैठ जाएं। अपने हाथों को सामान्य तरीके से अपने घुटनों पर रखें। अब अपने दोनों घुटनों को करीब लाएं। ऐसे करने से दोनों पैरों के बीच दूरी बन जाएगी। ध्यान रहे, दूरी इतनी होनी चाहिए कि दोनों पैरों के बीच आराम से आपके नितम्ब (हिप्स) आ सके। अब अपने दोनों टखनों को जांघों से बाहर की तरफ रखें। फिर धीरे–धीरे अपने नितम्ब को जमीन पर रखने की कोशिश करें। अगर पहली बार कोई यह योग मुद्रा कर रहा है, तो हिप्स के नीचे छोटा तकिया रख सकते हैं। जब आप पूरी तरह वीरासन योग मुद्रा में आ जाए, तो इसी मुद्रा में कम से कम 30 सेकंड तक रहने की कोशिश करें। फिर धीरे–धीरे सामान्य मुद्रा में आएं। इस पूरी प्रक्रिया को अपनी सुविधा के अनुसार दो से तीन बार दोहराएं।

**धनुरासन** धनुरासन एक ऐसा आसन है जो ना केवल घुटनों के दर्द को खत्म करता है बल्कि इससे पीठ दर्द तनाव और मांसपेशियों की खिंचाव भी दूर होती है। इतना ही नहीं ये बंद नसों को भी खोलता है जिससे शरीर में फुर्ती बन जाती है। धनुरासन करने के लिए पहले पेट के बल सीधे लेट जाएं उसके बाद शरीर के अगले हिस्से को थोड़ा थोड़ा ऊपर उठाएं और पीछे से दोनों पैरों को ऊपर उठाएं और अपने आगे वाले दोनों हाथों से पीछे वाले पैरों के पंजों को पकड़ें, गर्दन को भी जितना हो सके ऊपर की ओर खींचे और धनुष का आकार ले लें। नियमित रूप से इस योग को करने से शरीर में दर्द से जुड़ी सारी परेशानियां दूर होती है।

**त्रिकोणासन** इस योगासन के अभ्यास से मांसपेशियों का दर्द कम होता है। त्रिकोणासन करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं। अब पैरों के बीच करीब दो फीट की दूरी रखें और लंबी गहरी सांस लेते हुए शरीर को दाईं ओर झुकाएं। फिर बाएं हाथ को ऊपर की ओर ले जाएं। अपनी नजरें भी बाएं हाथ की उंगलियों पर टिकाएं। कुछ देर इस मुद्रा में रहे और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। अब दूसरी ओर से ये प्रक्रिया अपनाएं।

**मलासन** इस आसन में मल त्याग करने की मुद्रा में बैठने का प्रयास किया जाता है। इसे अंग्रेजी में गारलैंड पोज कहा जाता है। माना जाता है कि मलासन पैरों में रक्तसंचार को बेहतर बनाने के साथ–साथ पीठ और कमर के लिए भी उपयोगी हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले किसी साफ और शांत जगह पर योग मैट बिछा लें। अब उस पर सीधे खड़े हो जाएं। फिर दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी बनाएं। उसके बाद दोनों हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में ले आएं। हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में रखते हुए सीने के सामने लाएं। ध्यान रहे इस दौरान आपके हाथ सीधे रहने चाहिए। अब धीरे–धीरे नीचे बैठें, यह मुद्रा मलत्याग करने की स्थिति जैसी होती है। इस स्थिति में आने के बाद सांस छोड़ते हुए आगे की ओर थोड़ा झुकें। ध्यान रहे, इस अवस्था में आने के बाद दोनों कोहनियों को दोनों जांघों के बीच 90 डिग्री एंगल पर रखें। अब थोड़ी देर इस अवस्था में रहकर सामान्य तरीके से सांस लेते रहें। फिर धीरे–धीरे सामान्य अवस्था में आने के बाद सीधे खड़े हो जाएं।

# सात दिनों का अलर्टः हिमाचल में बादल फटने और भूस्खलन की आशंका

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल में मानसून तबाही लेकर आया है। रविवार और सोमवार को कई जिलों में भारी बारिश हुई। बारिश के चलते पहाड़ों में कई जगह भूस्खलन भी हुआ। आगामी सात दिनों के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

भारी वर्षा, बादल फटने और भूस्खलन की आशंका है। प्रदेश पुलिस ने मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए विशेष एजवाइजरी भी जारी कर दी है।

इस एडवाइजरी में कहा गया है कि बादल फटने और भूस्खलन के कारण प्रदेश में दुर्घटना की संभावना है। ऐसे में बहुमूल्य जीवन और संपत्ति को बचाने के लिए अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है। इसके साथ ही कहीं पर जाने से पूर्व वहां की स्थिति और प्रशासन की सलाह का पालन करने को कहा गया है।

ये है पुलिस की एडवाइजरी–

1. भारी बारिश की आशंका को देखते हुए जनता को इससे बचने की सलाह दी जाती है। अनावश्यक यात्रा न करें और मौसम की स्थिति का पता लगाएं

2. नदियों व नालों से सटे शिविर व स्थलों पर जाने से बचें और भूस्खलन संभावित क्षेत्र में टेंट आदि न लगाएं

3. अपने निवास स्थान और उसके आस–पास सभी आवश्यक सावधानियां बरतें

4. बरसात के मौसम में किसी भी जल क्रीड़ा राफ्टिंग व अन्य गतिविधियों आदि में शामिल होने से बचें

5. यात्रियों और आम जनता को सलाह दी जाती है कि नदी के किनारे और भूस्खलन की संभावना वाले क्षेत्रों में जाने से बचें



6. सार्वजनिक परिवहनकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी से वाहन चलाएं और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में अनावश्यक न रुकें

7. किसी भी संकट की स्थिति में आपातकालीन नंबर 112 या 1077 डायल करें और संपर्क करेंराज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने मानसून की भारी वर्षा को देखते हुए प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा हो रही है, ऐसे में पर्यटकों को सुरक्षित यात्रा को दृष्टिगत रखना होगा।पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग की ओर से पर्यटकों के लिए जारी सलाह में कहा गया है कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में बहुत भारी वर्षा हुई। जिसके चलते कई पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों पर भूस्खलन हुआ है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में सड़क मार्ग अवरुद्ध रहे हैं। प्रदेश में आने से पहले पर्यटकों को राज्य आपदा प्रबंधन की वेबसा-इट को देखने की सलाह दी गई है। इस वेबसाइट पर हर तरह की जानकारी उपलब्ध होने से पर्यटकों को यात्रा करने में मदद प्राप्त होगी।एडवाइजरी में कहा गया है कि राज्य में आए पर्यटकों को नदियों, नालों, खड्डों के निकट जाने से सावधान रहना होगा। वर्षा के कारण पहाड़ों से पत्थर गिरने की संभावना रहती है और भूस्खलन की भी। ये भी सलाह दी गई है कि पर्यटक पहले से ही सड़क की स्थिति के बारे में जानकारी एकत्र कर लें।

## पर्यटकों के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हिमाचल के पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह का कहना है कि इस बार हमारे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सभी परिस्थितियों के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। राज्य के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लगभग 301 सड़कें प्रभावित हुई हैं, 70 मशीनरी तैनात की गई हैं और काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

उन्होंने कहा कि आज शाम तक 180 सड़कें बहाल कर दी जाएंगी और शेष सड़कें भी आने वाले दिनों में बहाल कर दी जाएंगी। लगभग 350 संवेदनशील स्थानों पर निवारक उपाय किए जाएंगे, जहां मानसून के दौरान भूस्खलन होता है। ढहऊ मंत्री ने कहा, "मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे इस मौसम में अपने घरों से बाहर न निकलें।"

## जम्मू जा रही इंडिगो फ्लाइट पाकिस्तान एयरस्पेस में घुसी, लैंड होने से पहले 2 घंटे तक लगाए चक्कर

**अमृतसर, एजेंसी।** खराब मौसम के चलते श्रीनगर से जम्मू के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो फ्लाइट 6द्न–2124 पाकिस्तानी एयर स्पेस में जा पहुंची। यह घटना 25 जून रविवार शाम करीब चार बजे की है। इंडिगो फ्लाइट का पाकिस्तान एयर स्पेस में दाखिल होने का दो हफ्तों में यह दूसरा मामला है। जानकारी के अनुसार श्रीनगर से इंडिगो की फ्लाइट ने जम्मू के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 28 मिनट बाद मौसम खराब होने के कारण जम्मू के कोट जयमल के रास्ते फ्लाइट को पाकिस्तान एयर स्पेस में ले जाया गया। एयरपोर्ट पर लैंड होने से पहले यह फ्लाइट 2 घंटे तक चक्कर लगाती रही। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही फ्लाइट को लैंड करवाने की स्वीकृति प्रदान की। करीब पांच मिनट तक पाकिस्तानी एयर स्पेस में रहने के बाद यह फ्लाइट सियालकोट से होते हुए जम्मू की तरफ चली गई। बता दें कि इससे पहले 10 जून को भी अमृतसर एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट खराब मौसम के कारण पाकिस्तान एयर स्पेस में गई थी। यह फ्लाइट 31 मिनट तक पाकिस्तान एयर स्पेस में रही।

## बीजेपी के राज्यसभा सांसद हरद्वार दुबे का निधन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे का सोमवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। दुबे के परिवार के अनुसार, सीने में दर्द की शिकायत के बाद भाजपा नेता को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा नेता के निधन पर शोक व्यक्त किया।

एक ट्वीट में योगी आदित्यनाथ ने कहा, माननीय राज्यसभा सांसद, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री हरिद्वार दुबे जी का निधन अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति दें। ? शांति! दुबे 2020 में राज्यसभा सांसद बने, इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया था। वह लंबे समय तक आरएसएस से भी जुड़े रहे।

## तमिलनाडु में 40वीं वार्षिक भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 2023 उत्सव मनाया

**चेन्नई एजेंसी।** तमिलनाडु के चेन्नई में रविवार को इस्कॉन द्वारा 40वीं वार्षिक भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 2023 उत्सव मनाया गया। ओडिशा के पुरी में नौ दिवसीय उत्सव 20 जून को शुरू हुआ था। यह पुरी में भगवान जगन्नाथ के प्रकट होने के दिन का प्रतीक है।

इस्कॉन ने कहा है कि जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव में, मुख्य देवता उन सभी लोगों को दर्शन देने के लिए साल में एक बार रथ पर निकलते हैं जो आम तौर पर मंदिर में नहीं जाते हैं। ब्रह्मांड के भगवान, जगन्नाथ ने सभी पर अपनी दया बरसाई। यात्रा उत्सव के दौरान भक्त निरंतर कीर्तन में लगे रहे, और सभी को चैतन्य महाप्रभु द्वारा प्रचारित पवित्र नामों का जाप करने के लिए प्रोत्साहित किया। पुरी मंदिर द्वारका का प्रतिनिधित्व करता है, और वर्ष में एक बार, भगवान जगन्नाथ के रूप में कृष्ण गुंडिका जाते है, जो उनके बचपन के घर वृन्दावन का प्रतिनिधित्व करता है। इस्कॉन के गवर्निंग बॉडी कमिश्नर परम पूज्य भानु स्वामी महाराज ने महोत्सव की अध्यक्षता की। रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और रास्ते भर कीर्तन के साथ प्रसाद का वितरण किया गया।

## ब्रिटेन में नाबालिगों से नशीले पदार्थों की तस्करी कराने पर भारतीय मूल की महिला को जेल

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन में भारतीय मूल की एक महिला को ड्रग्स की आपूर्ति के लिए बच्चों को शिकार बनाने वाले गिरोह का हिस्सा होने के आरोप में सात साल जेल की सजा सुनाई गई है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने यह जानकारी दी।28 वर्षीय सरीना दुग्गल, जिसका कोई निश्चित पता नहीं है, को सात सप्ताह की सुनवाई के बाद क्लास ए ड्रग्स की आपूर्ति का दोषी पाए जाने के बाद पिछले हफ्ते बोर्नमाउथ क्राउन कोर्ट में पांच अन्य लोगों के साथ दोषी ठहराया गया था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि ड्रग्स की आपूर्ति लंदन और बर्मिंघम में और उसके आसपास बोर्नमाउथ में की गई।दुग्गल और गिरोह ने बोर्नमाउथ में उपयोगकर्ताओं को क्लास ए ड्रग्स क्रैक कोकीन और हेरोइन की आपूर्ति करने के लिए गरीब बच्चों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने पिछले साल एक जांच शुरू की थी, जब फर्नबोरो के 16 एक वर्षीय लड़के को बड़ी मात्रा में क्रैक कोकीन और हेरोइन रखने के आरोप में बोर्नमाउथ में गिरफ्तार किया गया था।

## पीएम मोदी ने देश को दिखाया आपदा को अवसर में कैसे बदलें: योगी

**वाराणसी, एजेंसी।** जगतपुर में 9 वर्ष के कार्यकाल की जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौ साल बेमिसाल देश हुआ खुशहाल। इस दौरान उन्होंने कहा कि नौ वर्ष के अंदर इस देश में कुछ नए मानक पीएम मोदी के नेतृत्व में गढ़े गए हैं। सबसे बड़ी ताकत अमेरिका में जिस गर्मजोशी से पीएम मोदी का वहां की संसद और राष्ट्रपति द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद 40 करोड़ भारतीयों का गौरव के साथ सिर उठ गया है।

जनता को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा को अवसर में कैसे बदलना है यह दिखाया है। जहां मोदी जाते हैं वो देश सर्वोच्च सम्मान देना चाहता है। योगी ने कहा कि कल मिस्र में हम सबने यह देखा है। भारत की सुरक्षा की सीमाओं और



नागरिकों की सुरक्षा में कोई सेंध नही लगा सकता। इंफ्रास्ट्रक्चर का मॉडल वाराणसी है।

सीएम ने कहा कि वाराणसी से हर जगह काशी के लिए आने के लिए सड़क है। जाम की समस्या का समाधान हो चुका है। बाबतपुर से वाराणसी से प्रयाग लखनऊजाने के मार्ग जुड़ चुके हैं। पहले वाटर वेज शुरू हो चुका है। अब वैश्विक मंच पर किसानों को मान्यता प्राप्त हो रही है। पीएम मोदी ने सुरक्षा लोक कल्याण का मॉडल दिया है।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने नए कैंसर संस्थान में तीन वर्ष में 72 हजार मरीजों का इलाज काशी में हुआ है।

## दुष्कर्म पीड़िता पर बयान बदलने का दबाव, आरक्षक गिरफ्तार

**मुरैना, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पुलिस ने एक आरक्ष-क को एक दुष्कर्म की शिकार किशोरी पर बयान बदलने का दबाव डालने के आरोप मे गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी का बंदूक की नोक पर अपहरण कर उसके साथ गैंग रेप के आरोपियों के बचाव में पीड़िता पर बयान बदलने का दबाव बनाने वाले पुलिस आरक्षक कुलदीप गुर्जर को पुलिस ने कल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस सूत्रों ने बताया कि किशोरी को गत 17 जून को भोला ओर भूरा गुर्जर बंदूक की नोक पर अगवा कर ले गए और एक मकान में उसके साथ चार दिन तक गैंगरेप किया। बाद में एक आरोपी भोला गुर्जर महिला थाने में पदस्थ आरक्षक कुलदीप गुर्जर के साथ 21 जून को उसे महिला थाने में यह कहकर छोड़ गया कि वह अपने बयान बदले और कहे कि वह घर से अपनी मर्जी से गई और उसके साथ कोई दुष्कृत्य नहीं हुआ।

## ऑनलाइन धर्मांतरण मामलाः पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद मुख्य आरोपी को भेजा गया जेल

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गेमिंग एप के द्वारा धर्म परिवर्तन करने के आरोपी शाहनवाज उर्फ बद्दो की सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा अदालत में पेशी हुई। अगली सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख नियत कर दी गई है। मामले के विवेचक एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया बद्दो की पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) सोमवार 26 जून 2023 सुबह 11:00 बजे तक की थी। पुलिस द्वारा पीसीआर पूर्ण करते हुए शाहनवाज को पहले ही जेल भेज दिया गया। सुबह लगभग 10:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा पीसीआर समाप्त कर दी गई।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा पुलिस कस्टडी रिमांड में मिली जानकारी के सारे तथ्यों को संलग्न कर उसकी पूरी विवेचना



करने के बाद चार्जशीट अदालत में लगभग 10 से 15 दिनों में दाखिल किए जाने की संभावना है। इसके बाद मामले में अभियुक्त शाहनवाज की पीसीआर की आवश्यकता नहीं होगी। बता दें कि गाजियाबाद के एक उद्यमी के बेटे का गेमिंग के जरिये धर्मांतरण कराने के मुख्य आरोपी शाहनवाज उर्फ बद्दो की सोमवार को पुलिस कस्टडी रिमांड समाप्त हो गई। तीन दिनों की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद पुलिस ने शहनवाज को डासना जेल भेज दिया गया।

गाजियाबाद जिले के कविनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक उद्यमी का नाबालिग बेटा संजय नगर स्थित मस्जिद में पहुंचकर नमाज पढ़ता था। नाबालिग के पिता ने शक होने पर उसका पीछा किया और उसे मस्जिद से निकलते देखा। इसके बाद पिता के होश उड़ गए। पिता ने मामले की जानकारी 30 मई 2023 को कविनगर पुलिस को दी। पुलिस ने उद्यमी की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच की। जांच के दौरान मस्जिद के पूर्व सदस्य अब्दुल रहमान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। मामले की जांच के दौरान पता चला कि महाराष्ट्र निवासी शाहनवाज उर्फ बद्दो गेमिंग के जरिए बच्चों को फंसाकर उनका ब्रेनवॉश करता था। ब्रेनवॉश के दौरान उनका धर्मांतरण कराता था। पुलिस ने शाहनवाज उर्फ बद्दो के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था।

मामले के तूल पकड़ने के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने शाहनवाज उर्फ बद्दो को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था। मामले की जानकारी के बाद गाजियाबाद पुलिस महाराष्ट्र पहुंची। गाजियाबाद पुलिस ने 12 जून 2023 को महाराष्ट्र कोर्ट से शाहनवाज उर्फ बद्दो को ट्रांजिट रिमांड पर लिया था। अगले दिन उसे गाजियाबाद कोर्ट में पेश किया था। 16 जून शुक्रवार सुबह 11 बजे पुलिस ने शाहनवाज को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया था। सोमवार की सुबह कस्टडी रिमांड की अवधि समाप्त हो गई। पुलिस ने सुरक्षा कारणों के चलते शाहनवाज को डासना जेल भेज दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में शाहनवाज की सुनवाई की गई। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 10 जनवरी की तारीख लगाई गई है।

## दहशत में रैपर का परिवारः हनी सिंह को पुलिस ने दी सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने रैपर और सिंगर हनी सिंह को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा मुहैया करा दी है। आधुनिक हथियारों से लैस दो पुलिसकर्मी 24 घंटे साथ रहेंगे। अगर वह दिल्ली से बाहर जाएंगे तब भी पुलिसकर्मी उनकी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने हनी सिंह को 24 घंटे सुरक्षा मुहैया कराने की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी धमकी की समीक्षा की जा रही है। गैंगस्टर गोल्डी बरार से धमकी मिलने के



बाद सिंगर ने दिल्ली पुलिस से सुरक्षा मांगी थी।

हनी सिंह से गत बुधवार को कनाडा में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बरार ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। हनी सिंह ने इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस मुख्यालय जाकर पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से की थी। पुलिस आयुक्त के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हनी सिंह के मैनेजर रोहित छावड़ा ने धमकी भरे दो फोन उठाए थे। इसके बाद उसने फोन नहीं उठाए। मैनेजर ने जब फोन नहीं उठाए तो गैंगस्टर ने धमकी भरा वॉयस मैसेज भेजा। शुरुआती जांच के बाद पुलिस अधिकारियों को लग रहा है कि पीछे से जो व्यक्ति बोल रहा है वह गोल्डी बरार ही है। इसके बावजूद दिल्ली पुलिस ने गोल्डी बरार की आवाज के सैंपल को मिलान के लिए भेजा है। दिल्ली पुलिस ने धमकी को लेकर सीबीआई व इंटरपोल की मदद से विदेश एजेंसियों से संपर्क साधा है।जान से मारने की धमकी मिलने के बाद हनी सिंह व उनका परिवार डरा हुआ है। सिंगर ने कहा कि मेरे साथ जिंदगी में यह पहली बार हुआ है। मैं डरा हुआ हूं। मेरा पूरा परिवार डरा हुआ है। मुझे सिर्फ मौत से डर लगता है। मुक्तसर साहिब का रहने वाला गोल्डी बरार उर्फ सतविंदरजीत सिंह का जन्म 1994 में हुआ था। उसे गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी माना जाता है, जो फिलहाल कनाडा से ही पूरे गिरोह को चला रहा है। बरार के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और जबरन उगाही जैसे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गोल्डी बरार गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का भी मुख्य आरोपी है। इससे पहले उसने बॉलीवुड स्टार सलमान खान को भी जान से मारने की धमकी दी थी।

### गैंगस्टर गोल्डी बरार ने दी थी जान से मारने की धमकी

## इंदिरा का विरोध करने वाले राहुल की शादी करा रहेः रविशंकर

**भागलपुर, एजेंसी।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो पर हमला बोला। रविशंकर ने कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है, लेकिन नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव ने लोकलाज त्याग दी है। दोनों खुद को जेपी का सिपाही कहना बंद करें। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जेपी की अगुवाई में हुए आंदोलन में नीतीश और लालू को जेल में जाना पड़ा था। यही कारण था कि लालू प्रसाद ने अपनी बेटी का नाम मीसा रखा था। वहीं अब कुर्सी के लिए उन्होंने लोकलाज और सम्मान को त्याग दिया। इंदिरा गांधी की तानाशाही का विरोध करने वालों ने आज कांग्रेस से हाथ मिला लिया है। उनके पोते की शादी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटना में पिछले दिनों कई पार्टियां विलाप करती नजर आई। हालांकि, इस दौरान वे किसी एक को अपना नेता नहीं चुन पाईं। बिहार में बिना दूल्हे की बरात निकाली गई। दो दिनों में ही पार्टियों के अलग–अलग बयान आने लगे हैं। मुस्लिम लीग को राष्ट्रवादी बताने और सर्जिकल स्ट्राइक पर उंगली उठाने वाली पार्टी को जनता देख रही है।

### विपक्षी एकता के बहाने उद्धव गुट का बीजेपी पर तंज, कहा–

# मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करेगा 'वैगनर समूह'

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) ने सोमवार को दावा किया कि भारत में वैगनर समूह अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए बैलेट बॉक्स के जरिए नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल कर देगा। पिछले हफ्ते एक नाटकीय घटनाक्रम में इस समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोजिन ने सशस्त्र विद्रोह का आह्वान किया था और दावा किया था कि उनके बलों के पास रूस के दक्षिणी शहर रोस्तोव–ऑन–डॉन में नियंत्रण की सैन्य सुविधाएं हैं। इसने राजधानी मॉस्को की ओर कूच भी शुरू कर दिया था।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने विद्रोह को विश्वासघात और देशद्रोह का काम बताया। बाद में प्रिगोजिन ने कहा कि उन्होंने अपने भाड़े के सैनिकों को मास्को जाने से रोक दिया और यूक्रेन में अपने क्षेत्रीय शिविरों में वापस जाने का आदेश दिया। यह कदम उन्होंने बेलारूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद उठाया।

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में वैगनर समूह के 'रूसी राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ विद्रोह' और पिछले सप्ताह पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक के बीच तुलना की गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेजबानी में शुक्रवार को पटना में एक दर्जन से ज्यादा विपक्षी दलों के 32 से अधिक नेताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक की और 2024 के लोकसभा चुनावों में एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मुकाबला करने का संकल्प लिया।

सामना के संपादकीय में कहा गया है कि वैगनर समूह ने दिखाया है कि तानाशाही को



चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा, मोदी हों या पुतिन, उन्हें विद्रोह का सामना करना पड़ सकता है। भारत में सरकार को एक अहिंसक वैगनर द्वारा उखाड़ फेंका जाएगा और यह रास्ता बैलेट बॉक्स के माध्यम से होगा। संपादकीय में कहा गया है कि पुतिन की तरह मोदी को भी जाना होगा, लेकिन लोकतांत्रिक तरीके से।

मराठी दैनिक ने पिछले सप्ताह बिहार की राजधानी में विपक्षी दलों के सम्मेलन का जिक्रकरते हुए कहा, 'वैगनर समूह लोकतंत्र के रक्षक के रूप में पटना में एक साथ आया। पार्टी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) 2024 में परिणाम तय नहीं करेगी, बल्कि लोग करेंगे।' संपादकीय में दावा किया गया है कि अगर ईवीएम में घोटाला होता है तो देश में मणिपुर जैसी स्थिति हो जाएगी।

मणिपुर में तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से अब तक करीब 120 लोगों की जान जा चुकी है और 3,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मैतई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा में बड़ी संख्या में घरों को जला दिया गया जिससे कई लोग बेघर हो गए। संपादकीय में यह भी दावा किया गया कि भाजपा ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समूह जैसे कई लोगों को अपने 'रक्षक' के रूप में रखा है और कल वही लोग उन्हें 'छुरा घोंपेंगे'।

शिंदे ने पिछले साल जून में शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया था और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी। बाद में शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बने।

उधर, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे को अपने परिवार की संपत्तियों का ब्योरा सार्वजनिक करने की चुनौती दी है। भाजपा नेता ने पिछले हफ्ते पटना में हुई बैठक को अपने 'परिवारों और वंशवादों' को बचाने के एजेंडे वाली पार्टियों का जमावड़ा करार दिया था, जिसके बाद से फडणवीस और ठाकरे के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है।

चंद्रपुर में रविवार रात फडणवीस ने दोहराया कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कार्यों ने 'परिवार–केंद्रित' पार्टियों को अपने राजनीतिक उत्तराधिकारियों को बचाने के लिए एक छत के नीचे आने के लिए मजबूर किया। वह मोदी सरकार के सत्ता में नौ साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और अन्य को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर भाजपा नेता और राज्य के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार द्वारा लिखित 'आर्किटेक्ट ऑफ न्यू इंडिया' (मराठी संस्करण) नामक एक पुस्तक का विमोचन किया गया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के काम ने परिवार के प्रभुत्व वाली पार्टियों को पटना में अपने राजवंशों को बचाने के लिए एक छत के नीचे इकट्ठा होने के लिए मजबूर कर दिया है। बैठक का एजेंडा मोदी को सत्ता से हटाना नहीं बल्कि अपने परिवारों को बचाना था। उन्होंने पूछा कि क्या सोनिया गांधी, शरद पवार और उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं को अपने बच्चों की ज्यादा चिंता है या भारत की।

# 4,6,4,6,6,4...सुपर ओवर में ठोके 30 रन



नई दिल्ली, नीदरलैंड के स्टार ऑलराउंडर लोगन वैन बीक ने हरारे के मैदान पर वो करिश्माई प्रदर्शन करके दिखाया है, जिसको क्रिकेट के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। सुपर ओवर में वेस्टइंडीज की टीम नीदरलैंड से नहीं, बल्कि अकेले वैन बीक से हार गई। हरफनमौला ऑलराउंडर ने पहले बल्ला थामकर जेसन होल्डर की जमकर धज्जियां उड़ाई और छह गेंदों में 30 रन कूट डाले। इसके बाद बीक ने गेंद से कहर बरपाया और सुपर ओवर में कैरेबियाई बल्लेबाजों को सिर्फ आठ रन बनाने दिए।

**सुपर ओवर में वैन बीक का तूफान**

सुपर ओवर में कैरेबियाई टीम की ओर से गेंदबाजी करने आए जेसन होल्डर। नीदरलैंड की तरफ से स्ट्राइक पर एकबार फिर वैन बीक थे और उनको किस्मत ने चमकने का एक और मौका दिया था। होल्डर के हाथ से निकली पहली गेंद पर ही बीक चौका जड़ते हैं। इसके बाद दूसरी पर सिक्स, तीसरी पर चौका और चौथी गेंद पर वैन बीक के बल्ले से एक और छक्का निकलता है। 4 गेंदों में 20 रन बन चुके थे। नीदरलैंड के खेमे को जीत की खुशबू आ रही थी, तो वेस्टइंडीज के खिलाड़ी हैरान और परेशान थे। ओवर की पांचवीं गेंद पर भी बीक छक्का जड़ते और लास्ट बॉल पर चौका लगाते हुए वह सुपर ओवर का अंत करते हैं। ओवर से कुल 30 रन आते हैं और अब जीत के लिए वेस्टइंडीज को 31 रन बनाने थे।

# इन 12 शहरों में खेले जाएंगे वर्ल्ड कप 2023 के सभी मैच

नई दिल्ली, आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 का खुमार चढ़ने लगा है। लंबे समय बाद भारत 50 ओवर के विश्व कप की मेजबानी करने को तैयार है। माना जा रहा है कि टूर्नामेंट के शेड्यूल का एलान आईसीसी जल्द ही करने वाला है। इस बीच, भारत की सरजमीं पर खेले जाने वाले वर्ल्ड कप के वेन्यू को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, उन 12 शहरों के नाम का खुलासा हो गया है, जहां पर विश्व कप के सभी मुकाबले खेले जाने हैं।

इन 12 शहरों में खेले जाएंगे सभी मैच

आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के सभी मुकाबले चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, तिरुवंतपुरम, मुंबई, अहमदाबाद, पुणे, लखनऊ दिल्ली, गुवाहाटी, कोलकाता और धर्मशाला में खेले जाएंगे। माना जा रहा है टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। इस मैच की मेजबानी अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम करेगा।

**15 अक्टूबर को हो सकती है भारत—पाकिस्तान की भिड़ंत**



आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के लिए बीसीसीआई द्वारा ड्रॉफ्ट किए गए शेड्यूल के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमें नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में एक—दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतर सकती हैं। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अहमदाबाद में ना खेलने की इच्छा जाहिर की है। पीसीबी का कहना है कि वह गुजरात के इस स्टेडियम में तभी खेलना चाहते हैं, जब मुकाबला नॉकआउट का हो।

**इंग्लैंड ने मारी थी बाजी**

50 ओवर का आखिरी विश्व कप इंग्लैंड की धरती पर साल 2019 में खेला गया था। खिताबी मुकाबले में रोमांच की सारी हदें पार हुई थीं और इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड का चैंपियन बनने का सपना तोड़ा था। दोनों टीमों का स्कोर टाई रहा था, जिसके बाद फाइनल मैच सुपर ओवर में पहुंचा था। हालांकि, सुपर ओवर में भी इंग्लैंड—न्यूजीलैंड का स्कोर बराबर रहा था, लेकिन मैच में ज्यादा बाउंड्री लगाने के चलते इंग्लिश टीम को विजेता घोषित कर दिया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने हासिल की विशाल जीत



नई दिल्ली, एश्ले गार्डनर (12 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को इंग्लैंड को महिला एशेज सीरीज के एकमात्र टेस्ट में 89 रन से मात दी। गार्डनर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने दूसरी पारी में 66 रन देकर आठ विकेट झटके।

ऑस्ट्रेलिया ने जीता टेस्ट

याद दिला दें कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करके पहली पारी में 473 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 463 रन पर सिमटी। कंगारू टीम को पहली पारी के आधार पर 10 रन की बढ़त मिली। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 257 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 268 रन का लक्ष्य रखा। मेजबान टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 178 रन पर ऑलआउट हुई।

**गार्डनर छा गईं**

इंग्लैंड ने पांचवें व अंतिम दिन अपनी पारी 116/5 के स्कोर से आगे बढ़ाई। गार्डनर ने जल्द ही कैट क्रॉस (13) को विकेटकीपर हीली के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को छठा झटका दिया। इसके बाद गार्डनर ने एमी जोंस (4) को हीली के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को सातवां झटका दिया।डान याट (54) ने एक छोर संभाले रखा और अपना अर्धशतक पूरा किया। मगर वो इंग्लैंड को जीत के करीब भी नहीं ले जा सकी। वो आउट होने वाली आखिरी महिला बल्लेबाज रही। इससे पहले सोफी एलेक्स्टोन (10) को गार्डनर ने एलबीडब्ल्यू आउट करके इंग्लैंड को आठवां झटका दिया।

गार्डनर ने लॉरेन फाइलर को खाता भी नहीं खोलने दिया और क्लीन बोल्ड किया।

# वकार यूनुस के विश्व रिकॉर्ड की कर ली बराबरी

नई दिल्ली, स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा के दम पर श्रीलंका ने रविवार को आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर 2023 के 15वें मैच में आयरलैंड को 133 रन से हराया। बुलावायो में दासुन शनाका एंड कंपनी के लिए हसरंगा ने दमदार प्रदर्शन किया। हसरंगा पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनुस के एक बड़ा रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। हसरंगा ने लगातार तीसरे मैच में पांच विकेट लेकर आयरलैंड के विश्व कप के सपने को तोड़ दिया। हसरंगा वनडे इतिहास में महान तेज गेंदबाज वकार यूनुस के बाद लगातार 3 बार 5 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए। वकार यूनुस ने 1990 वर्ल्ड में यह उपलब्धि हासिल की थी।

**वकार यूनुस के रिकॉर्ड की बराबरी की**

हसरंगा ने अपने पिछले तीन मैच में क्रमशः 6/24, 5/13 और 5/79 का शानदार प्रदर्शन किया है। इसकी वजह से वर्ल्ड कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में श्रीलंका ने एक भी मैच नहीं गंवाए हैं। तीन जीते साथ श्रीलंका ने सुपर—6 में जगह बना ली है। इसके साथ ही स्कॉटलैंड और ओमान ने भी क्वालीफाई कर लिया है।

**श्रीलंका ने सुपर—6 में बनाई जगह**

बात करें मैच की तो अनुभवी दिमुथ करुणारत्ने ने 103 गेंद में 103 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि विकेटकीपर—बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा ने 86 गेंद में 82 रन बनाए। धनंजय डी सिल्वा ने 35 गेंद में 42 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिससे श्रीलंका ने 325 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में आयरलैंड 192 रन पर ऑल आउट हो गया।

# पाकिस्तान के कौन से खिलाड़ी मचा सकते हैं धमाल

नई दिल्ली, 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई थी। वो एकमात्र सीजन था, जहां पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

मगर 2008 के बाद अगले 15 सीजन तक राजनीतिक मतभेदों के कारण पाकिस्तानी क्रिकेटर्स को दुनिया की सबसे अमीर टी20 लीग माने जाने वाली आईपीएल में खेलने की इजाजत नहीं है।इस बीच पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान की टीम टी20 फॉर्मेट का एक मजबूत हिस्सा बनकर उभरी है। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर और टॉम मूडी ने आईपीएल में पाकिस्तान खिलाड़ियों को लेकर अपनी पसंद जाहिर की है। उन्होंनें आईपीएल के लिए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शादाब खान को किसी एक फ्रेंचाइजी द्वारा चुने




जाने का समर्थन किया है।

**टी20 में पाक के पास कई ऑप्शन—**

टॉम मूडी ने तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को अपनी पहली पसंद बताया है। मूडी ने कहा कि शाहीन अफरीदी, बाबर आजम, रिजवान और शादाब खान पाकिस्तान के टॉप खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान के पास टी 20 फॉर्मेट के लिए कई शानदार आप्शन हैं।

**टी20 की मजबूत टीम पाकिस्तान—**

दूसरी ओर मांजरेकर ने लीग में शामिल करने के लिए दो अन्य पाकिस्तानी सितारों का नाम लिया है। उन्होंने महसूस किया कि हारिस रउफ़ अपनी डेथ—बॉलिंग के कारण पसंदीदा खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं ।

## फिल्मी सफर

# सलमान खान की टाइगर 3 का एवेंजर्सः एंडगेम से होगा खास कनेक्शन

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने इस साल लगभग 4 साल बाद किसी का भाई किसी की जान के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की थी। फिल्म को दर्शकों की ओर से मिली—जुली प्रतिक्रिया मिली और अब वह अभिनेता की फिल्म टाइगर 3 का इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म से जुड़ा एक अपडेट सामने आया है, जिसे जानकर प्रशंसक खुश हो जाएंगे। दरअसल, टाइगर 3 का कनेक्शन एवेंजर्सः एंडगेम से होगा।




रिपोर्ट्स के अनुसार सूत्र ने कहा, वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स के पास भारत की शानदार फिल्म फ्रेंचाइजी हैं, जिसमें टाइगर 3 जासूसी फ्रेंचाइजी में अपना अनूठा स्वाद लाएगी, जो पठान और वॉर फ्रेंचाइजी से अलग होगा। सूत्र ने कहा, एक्शन फिल्मों के लिए एक्शन ही मनोरंजन का मुख्य आधार होता है। ऐसे में वाईआरएफ और मनीष शर्मा दर्शकों को ऐसी फिल्म देने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं, जो उन्होंने न पहले कभी देखा और न अनुभव किया हो।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के एक्शन को और भी शानदार बनाने के लिए हॉलीवुड के एक्शन कोऑर्डिनेटर क्रिस बार्न्स को टाइगर 3का हिस्सा बनाया गया है, जो मार्वल की एवेंजर्सः एंडगेम में काम कर चुके हैं। ऐसे में अब दर्शकों को टाइगर की तीसरी किस्त में सलमान का जबरदस्त एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में शाहरुख खान का कैमियो भी है तो ऐसे में वह भी एक्शन करते हुए नजर आएंगे।

टाइगर फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग टाइगर 3 का निर्देशन मनीष ने किया है। फिल्म इस दिवाली पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगू भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में इमरान हाशमी और कैटरीना कैफ भी मुख्य भूमिका में शामिल हैं। ज्ञात हो फिल्म का पहला भाग एक था टाइगर 2012 में रिलीज हुआ था और इसके बाद दूसरा भाग टाइगर जिंदा है 2017 में आया था। दोनों ही फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद हैं।

शाहरुख के साथ सलमान टाइगर बनाम पठान में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने अपना पूरा एक साल दिया है। टाइगर 3 के बाद वह इसी की तैयारी में जुट जाएंगे और फरवरी या मार्च से वह फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर देंगे। इसके अलावा साजिद नाडियाडवाला ने उन्हें किक 2 के लिए संपर्क किया है, लेकिन अभी उन्होंने अंतिम निर्णय नहीं लिया है। इसके अलावा सूरज बडज़ात्या और अली अब्बास जफर के साथ भी उनकी बातचीत चल रही है।

सलमान इन दिनों बिग बॉस ओटीटी 2 को होस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन को करण जौहर ने होस्ट किया था। 17 जून से शुरू हुए इस शो में सलमान हर वीकेंड पर नजर आएंगे और कंटेस्टेंट को समझाते हैं।

# हुमा कुरैशी की तरला का ट्रेलर रिलीज, 7 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी जल्द ही फिल्म तरला के साथ लोगों का एंटरटेनमेंट करने के लिए पूरी तरह से तैयार नजर आ रही हैं। आपको बता दें कि हुमा कुरैशी की आगामी बायोपिक फिल्म तरला का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। हुमा ने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म के ट्रेलर को शेयर किया है। जानकारी के अनुसार ये फिल्म फूड राइटर, शेफ और कुकबुक राइटर तरला दलाल के जीवन पर आधारित है।फिल्म में तरला दलाल का किरदार हुमा कुरैशी निभा रही हैं। इस फिल्म को काफी समय पहले ही रिलीज होना था लेकिन कुछ कारणों के चलते इसके रिलीज पर रोक लगाई गई थी। आखिरकार इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे आगामी 7 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा।आपको बता दें कि हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर




फिल्म तरला के ट्रेलर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है— यह यहां है, जिंदगी में कुछ करने की खास रेसिपी आप भी नोट कर लीजिए! ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। लोगों की मानें तो ट्रेलर में हुमा कुरैशी बिल्कुल तरला दलाल जैसी ही दिख रही हैं। हुमा कुरैशी इस फिल्म के जरिए अपने फैंस को खुश करने के लिए तैयार नजर आ रही हैं।

फिल्म तरला का ट्रेलर शुरू होता है एक शादी के किस्से से। तरला दलाल की शादी होती है। फिर बच्चे होते हैं और ऐसे ही 12 साल बीत जाते हैं। इस बीच तरला लगातार परेशान नजर आती हैं कि आखिर वह जिंदगी में क्या करना चाहती हैं।

# बिग बॉस ओटीटी 2 में नए ट्विस्ट के साथ आएंगी रकुल प्रीत सिंह

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह बिग बॉस ओटीटी—2 के वीकेंड का वार एपिसोड में अपनी अपकमिंग फिल्म आई लव यू का प्रमोशन करने आएंगी।फिलहाल, यह खुलासा नहीं हो पाया है कि क्या रकुल प्रीत गेस्ट अपीयरेंस के तौर पर आएंगी, या वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान कंटेस्टेंट्स के साथ बातचीत करने के लिए एक स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल होंगी।उन्होंने कहा, मैं बिग बॉस ओटीटी पर पहले वीकेंड का वार का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मैं शो की बहुत बड़ी फैन हूं और हमेशा



वीकेंड एपिसोड देखने की कोशिश करती हूं!एक्ट्रेस ने कहा, मैं सभी कंटेस्टेंट्स से मिलने और सलमान सर के साथ समय बिताने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। सलमान सर को एक्शन में देखना बहुत मजेदार होने वाला है, और मैं स्पेशल ट्विस्ट के साथ वीकेंड के वार में आऊंगी।बता दें आई लव यू एक रोमांटिक थ्रिलर है। इसमें प्यार के भावुक और अंधेरे पक्ष को दर्शाया गया है, और इसमें पावेल गुलाटी, अक्षय ओबेरॉय और किरण कुमार भी हैं। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, आई लव यू एथेना और द वर्मिलियन वर्ल्ड की प्रोडक्शन है, जो जाने—माने फिल्म निर्माता निखिल महाजन द्वारा लिखित और निर्देशित है, और ज्योति देशपांडे, सुनीर खेतरपाल और गौरव बोस द्वारा निर्मित है।

# 80 करोड़ के करीब पहुंची जरा हटके जरा बचके

आदिपुरुष अपने संवाद और खराब वीएफएक्स को लेकर रिलीज के बाद से ही लोगों के निशाने पर है। फिल्म को लेकर जगह—जगह प्रदर्शन हो रहे हैं तो इसकी कमाई पर भी असर दिख रहा है। इसके अलावा जरा हटके जरा बचके चौथे हफ्ते में भी सिनेमाघरों में दर्शकों को लुभाने में कामयाब हो रही है। इस शुक्रवार को रिलीज हुई 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट की कमाई में दूसरे दिन बढ़त दिखी है।

प्रभास और कृति सैनन की फिल्म आदिपुरुष की रिलीज का यह दूसरा हफ्ता चल रहा है। फिल्म को शुरुआत से ही विरोध का सामना करना पड़ रहा था और अब आए दिन इसका कलेक्शन घटता या बढ़ता रहता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 9वें दिन वीकेंड पर फिल्म की कमाई में बढ़त दिखी है। शुक्रवार को इसने 3.40 करोड़ रुपये कमाए थे तो शनिवार को इसकी कमाई 5.25 करोड़ रही है। ऐसे में



अब इसका कलेक्शन 268.55 करोड़ हो गया है। आदिपुरुष के संवादों को लेकर बवाल मचा हुआ, लेकिन शुरुआती 3 दिनों में यह बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन करने में सफल रही थी। 600 करोड़ के बजट में बनी फिल्म अभी 9 दिन में 268.55 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है, जो बजट के मुकाबले कम ही है। हालांकि, यह 200 करोड़ कमाने वाली साल की तीसरी फिल्म बन चुकी है। इससे पहले शाहरुख खान की पठान 543.09 करोड़ और द केरल स्टोरी 241.74 करोड़ कमा चुकी है।जरा हटके जरा बचके में विक्की कौशल और सारा अली खान की मिडिल क्लास कपल की कहानी को दर्शक पसंद कर रहे हैं और ऐसे में यह अभी भी सिनेमाघरों में टिकी हुई है। फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है और अब 4 हफ्ते बाद वीकेंड पर इसकी कमाई में बढ़त दिखी है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com